क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले बी0पी0एल0 कार्ड धारकों की संख्या क्या है ? क्या सरकार बढ़ती हुई महंगाई के दृष्टिगत प्रदेश में बी0पी0एल0 कार्ड की सुविधा का लाभ पात्रता की श्रेणी में आने वाले और गरीबों को भी दिलाने हेतु बी0पी0एल0 कार्ड धारकों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

(डा0 धर्मपाल सिंह का नाम पुकारे जाने एवं उनके खड़े न होने पर)

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिए 106.79 लाख बी0पी0एल0 परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें बी0पी0एल0 श्रेणी के 6584500 तथा अन्त्योदय श्रेणी के 4094500 राशन कार्डों के लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राशन कार्ड निर्गत कर दिये गये हैं।

बी0पी0एल0 कार्ड धारकों की संख्या बढ़ाने हेतु शासन के पत्र दिनांक 30 मार्च, 2007 द्वारा भारत सरकार से अनुरोध किया गया था। भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 18 मई, 2007 द्वारा प्रदेश सरकार के बी0पी0एल0 कार्ड धारकों का लक्ष्य बढ़ाने की मांग को अस्वीकार कर दिया गया। भारत सरकार को पुनः अनुरोध प्रेषित किया जायेगा।

शीघ्र ही।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में पंजीकृत श्रमिकों के 6 वर्ष तक के बच्चों को पालना गृहों में रखकर उनके लालन–पालन के साथ शिक्षा देने वाली योजना को स्थगित किया जाना

'08–श्री श्यामदेव राय चौधरी (अनुपस्थित)–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंजीकृत श्रमिकों के 6 वर्ष तक के बच्चों को पालना गृहों में रखकर उनके लालन–पालन के साथ ही उन्हें शिक्षा देने वाली योजना को सरकार द्वारा बन्द कर दिया गया है ? यदि हां, तो ऐसा निर्णय लेने का औचित्य क्या है ?

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री (श्री शाहिद मंजूर)–

(श्री श्यामदेव राय चौधरी का नाम पुकारे जाने एवं उनके खड़े न होने पर)

जी नहीं। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु शिशु पालन गृह योजना को फिलहाल स्थगित किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता है।

'09–श्री जयप्रकाश निषाद–

ख्4थे सोमवार के तारां0प्र0सं0–4 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

प्रदेश में खुले में शौचालय जाने से दुष्कर्म की घटनाओं को रोके जाने हेतु शौचालय बनाने विषयक

'10–डा0 अरुण कुमार तथा श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव (अनुपस्थित)

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बच्चियों तथा महिलाओं के साथ प्रायः खुले में शौंच जाते समय दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिये क्या सरकार की शौंचालय विहीन परिवारों के घरों में शौंचालय निर्माण कराने की योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायती राज मंत्री (श्री कैलाश)–

(डा0 अरुण कुमार व श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव का नाम पुकारे जाने एवं उनके खड़े न होने पर)

जी हां।

निर्मल भारत अभियान/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत चयनित पात्र लाभार्थियों को शौचालय सुविधा से आच्छादित किये जाने का प्राविधान है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की जेलों के अन्दर से अपराधियों का मोबाइल फोन द्वारा सम्पर्क पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु जैमर लगाने के सम्बन्ध में

'11–श्री सुरेश कुमार खन्ना–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की जेलों के अन्दर से अपराधियों का मोबाइल फोन द्वारा जेल के बाहर लोगों से सम्पर्क रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु जेलों में जैमर लगवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

कारागार मंत्री (बलराम यादव)–

(श्री बलराम यादव माननीय मंत्री जी द्वारा उत्तर पढ़ा गया)

जी नहीं। कारागारों में मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है।

प्रदेश की दस कारागारों में जैमर लगाने पर विचार किया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

अतारांकित प्रश्न

01 एवं 02–श्री बब्बन सिंह चौहान–

ख्आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त,

03–श्री काली चरन सुमन–

ख्आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त,

04–श्री काली चरन सुमन–

ख्ले सोमवार के अता0प्र0सं0–186 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

05–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरु भैया–

ख्आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त,

06–श्री अवस्थी बाला प्रसाद–

ख्ले बुधवार के अता0प्र0सं0–188 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

07–श्री अजय कुमार लल्लू–

ख्आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त,

तारां0 प्र0 सं0–11 के उपरान्त प्रश्नों का समय समाप्त हुआ।

जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा छित्तमपुर से रामनगर रोड जवाहिर के घर से खजूर गांव वार्डर रामजी के घर तक कच्चा रोड डामरीकृत कराने विषयक

08–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायत राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा छित्तमपुर में रामनगर रोड जवाहिर के घर से खजूरगांव वार्डर रामजी के घर तक कच्चा रोड क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का डामरीकरण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

मार्ग का डामरीकरण कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली के पत्र दिनांक 30–6–2014 द्वारा अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

नया राशन कार्ड व बी0पी0एल0 कार्ड बनाने की नीति

09–श्री सुरेश कुमार खन्ना–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नया राशन कार्ड व बी0पी0एल0 कार्ड बनने की नीति क्या है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त राशन कार्ड कब से बनना प्रारम्भ होंगे तथा इसके लिये क्या–क्या शर्तें अनिवार्य हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खाद्य एवं रसद मंत्री (श्री रघुराज प्रताप सिंह)–

उत्तर प्रदेश अनुसूचित वस्तु वितरण आदेश, 2004 के प्रावधानों के अन्तर्गत राशन कार्ड बनाने की नीति निर्धारित है। इसके अन्तर्गत तीन श्रेणी के राशन कार्ड ए0पी0एल0, बी0पी0एल0 एवं अन्त्योदय बनाये जाते हैं। ए0पी0एल0 राशन कार्ड आवेदक द्वारा जांच पत्र भरवाकर निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत जांचोपरान्त जारी कर दिया जाता है। बी0पी0एल0 तथा अन्त्योदय राशन कार्डों की संख्या भारत सरकार द्वारा प्रदेश हेतु 106.79 लाख निर्धारित की गयी है, जिसके सापेक्ष शतप्रतिशत राशन कार्ड पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराये जा चुके हैं।

राज्य योजना आयोग–1 के शासनादेश दिनांक 17–06–2004 द्वारा 5 सदस्यों के परिवार को आधार मानते हुए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रु0 19884/– तथा शहरी क्षेत्रों में रु0 25546/– प्रति परिवार प्रतिवर्ष के अन्तर्गत आने वाले परिवार गरीबी रेखा से नीचे एवं उक्त वार्षिक आय के ऊपर के परिवार ए0पी0एल0 कार्ड धारक की श्रेणी के लिए अर्ह माने गये हैं। राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदक को जांच पत्र भरना पड़ता है, जो कि निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एण्ड–टू–एण्ड कम्प्यूटरीकरण हेतु नये राशन कार्डों के मुद्रण व निर्गमन की प्रक्रिया भी वर्तमान में जारी है।

नये ए0पी0एल0 राशन कार्ड एस0एस0डी0जी0 के माध्यम से तथा सीधे विभाग के कार्यालयों से जारी किये जा रहे हैं। कम्प्यूटराइज्ड कार्ड भी अतिशीघ्र जारी किया जाना प्रस्तावित है। राशन कार्ड जारी करने के लिए प्रार्थना–पत्र भरवाया जाता है तथा जांचोपरान्त सक्षम अधिकारी द्वारा राशन कार्ड निर्गत किया जाता है।

प्रश्न नहीं उठता।

वर्ष 2013–14 में प्रदेश में मिड–डे मील में वितरित होने वाले आहार के लिये प्रयुक्त होने वाले खाद्यान्न की खाद्य विभाग द्वारा की गई सेप्लिंग तथा उसके परिणाम

10–श्री मनीष असीजा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2013–14 में प्रदेश में मिड–डे–मील में वितरित होने वाले आहार के लिये प्रयुक्त होने वाले खाद्यान्न की खाद्य विभाग के द्वारा सेप्लिंग की गयी है ? यदि हां, तो इसकी क्या संख्या है एवं उसके क्या परिणाम पाये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

वर्ष, 2013–14 में प्रदेश में मिड–डे–मील के संग्रहीत कुल 206 नमूने में से 55 नमूनें मानकों के अनुसार नहीं पाये गये, जिनके सम्बन्ध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत 27 वाद मा0 न्यायालय में दायर कर दिये गये हैं, जिनमें से निर्णीत 01 वाद में 01 व्यक्ति को रु0 50,000/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों की वरिष्ठता सूची निर्धारित करते हुए अंतिम वरिष्ठता सूची के आधार पर डी0पी0सी0 कराकर प्रोन्नति करने का प्रकरण

11–श्री भीम प्रसाद सोनकर–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अरुण वर्मा, सदस्य, विधान सभा का पत्र दिनांक 19–08–2014 जो प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों की वरिष्ठता सूची निर्धारित करते हुए अन्तिम वरिष्ठता सूची के आधार पर डी0पी0सी0 कराकर प्रोन्नति किये जाने तथा उसी आधार पर तैनाती किये जाने से सम्बन्धित है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ?

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)–

जी हां।

शासनादेश दिनांक 05–09–2014 द्वारा उ0प्र0 होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग के पुनर्गठन तथा कार्यालय ज्ञाप दिनांक 18–09–2014 द्वारा होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी की गयी है। होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संवर्ग में प्रोन्नति कोटे के उपलब्ध पदों पर पदोन्नति हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही गतिमान है।

जिला शाहजहांपुर में सैटलाइट, बस अड्डा बनाने की योजना की जानकारी

12–श्री सुरेश कुमार खन्ना–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कितने जनपद मुख्यालय पर सैटलाइट, बस अड्डा बनाने की योजना है ? क्या जनपद शाहजहांपुर में भी सैटलाइट बस अड्डा बनना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इसे कब तक बना दिया जायेगा ?

परिवहन मंत्री (श्री दुर्गा प्रसाद यादव)–

वर्तमान में परिवहन निगम की ऐसी कोई योजना नहीं है।

जी नहीं। वर्तमान में शाहजहांपुर में परिवहन निगम का बस स्टेशन विद्यमान है और वह सुचारुरुप से संचालित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बिजनौर में महीन रेत/बालू के खनन पर रोक लगने से बालू की अनुपलब्धता के कारण निर्माण कार्य का प्रभावित होना

13–श्री लोकेन्द्र सिंह–

क्या भू–तत्व एवं खनिकर्म मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर में महीन रेत/बालू के खनन पर रोक लगने से बालू की अनुपलब्धता के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार सामान्य व्यक्ति के लिये उचित दर पर बालू उपलब्ध कराने हेतु कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति–

जनपद बिजनौर में रेत/बालू आदि के खनन पर रोक लगने से बालू/मौरम/बजरी आदि उप खनिजों की उपलब्धता हेतु उ0प्र0 उप खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली, 2002 के नियम–08 के प्राविधानों के अनुसार जनपद में उप खनिजों के भण्डारण हेतु अनुज्ञायें प्रदान की गयी है।

अनुज्ञाधारक द्वारा समीपवर्ती राज्य उत्तराखण्ड से उप खनिजों को वैद्य रुप से लाकर भण्डारण कर विक्रय किया जाता है।

उपर्युक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में एक्सपायरी डेट की तथा नकली कोल्ड ड्रिंक बेचे जाने के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग

14–श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में एक्सपायरी डेट की तथा नकली कोल्ड ड्रिंक बेचे जाने के मामले सरकार के संज्ञान में आये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार एक्सपायरी डेट की तथा नकली कोल्ड ड्रिंक का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने का प्राविधान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

वर्ष, 2013–14 में कोल्ड ड्रिंक के संग्रहीत 307 नमूनों में से 10 नमूने तथा वर्ष, 2004–15 में दिनांक 31–10–2014 तक कोल्ड ड्रिंक के संग्रहीत 265 नमूनों में से 04 नमूनें एक्सपायरी तिथि से सम्बन्धित समस्त 14 प्रकरणों में मा0 न्यायालय में वाद दायर कर दिया गया है। उक्त अवधि में किसी भी नमूनें में नकली कोल्ड ड्रिंक की पुष्टि नहीं हुई।

आम जनमानस को कोल्ड ड्रिंक सहित समस्त खाद्य पदार्थ सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं तत्सम्बन्धी नियम, 2011 के प्राविधानों के माध्यम से कार्यवाही की जाती है। उक्त अधिनियम में अपराध की गम्भीरता के दृष्टिगत अर्थदण्ड से लेकर आजीवन कारावास तक के दण्ड का प्राविधान है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की जेलों में कैदियों को नशीली दवायें, स्मैक आदि सप्लाई करने वाले अवैध कारोबार को रोका जाना

15–डा0 अरुण कुमार–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की जेलों में कैदियों को नशीली दवायें, शराब स्मैक आदि सप्लाई करने के मामले सरकार के संज्ञान में आये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इस तरह के अवैध कारोबार को रोकने के लिये कोई कदम उठायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री बलराम यादव–

जी हां। जिला कारागार, मेरठ में नशीली दवा/चरस आदि की सप्लाई के प्रयास में 03 मामले, जिला कारागार, एटा में 02 मामले तथा केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद में शराब की बोतल बरामद होने का 01 मामला संज्ञान में आया है।

उपरोक्त कारागारों में नशीली दवायें/चरस/शराब आदि की सप्लाई का प्रयास करने वाले दोषियों के विरुद्ध केस/वाद पंजीकृत कराया गया है। कारागारों मे निरुद्ध

होने वाले नये बंदियों, न्यायालय से तारीख पेशी के उपरान्त वापस आने वाले बंदियों, कारागार मे निरुद्ध बंदियों से मुलाकात करने आने वाले मुलाकातियों एवं ड्यूटी पर आने वाले कारागार कर्मियों एवं अन्य विभागों के कर्मियों की विभिन्न स्तर पर सघन तलाशी कराये जाने का प्राविधान तथा स्थायी व्यवस्था है, जिसका कठोरता से पालन किये जाने हेतु समय–समय पर शासन एवं महानिरीक्षक कारागार स्तर से निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के गरीबों को और अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बी0पी0एल0 की आय सीमा को बढ़ाया जाना

16–डा0 अरुण कुमार–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई तथा काफी पहले से तय आय सीमा के कारण बी0पी0एल0 कार्ड धारकों को उसका यथोचित लाभ नहीं मिल पा रहा है ? क्या सरकार प्रदेश के गरीबों को और अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बी0पी0एल0 की आय सीमा बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिये 106.79 लाख बी0पी0एल0 परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें बी0पी0एल0 श्रेणी के 6584500 तथा अन्त्योदय श्रेणी के 4094500 राशन कार्डों के लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत राशन कार्ड निर्गत कर उन पर लाभार्थियों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण कराया जा रहा है। इससे बी0पी0एल0 कार्ड धारकों को यथोचित लाभ दिया जा रहा है।

प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के परिप्रेक्ष्य में आय सीमा का निर्धारण राज्य योजना आयोग–1 के पत्र संख्या–18एम(6)/35–आ–1/2004–12, दिनांक 17–06–2004 द्वारा किया गया है, जबकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रयोजनार्थ प्रदेश हेतु 106.79 लाख बी0पी0एल0 का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है और इसमें संशोधन हेतु राज्य सरकार के अनुरोध को भारत सरकार द्वारा अपने पत्र दिनांक 18 मई, 2007 द्वारा अस्वीकृत किया जा चुका है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपदों में कार्यरत रोजगार केन्द्रों (श्रम एवं सेवायोजन कार्यालय) को और अधिक प्रभावी बनाकर बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराना

17–डा0 अरुण कुमार–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बेरोजगार लोगों को सरकारी/अर्धसरकारी संस्थानों में रोजगार दिलाने के लिये श्रम विभाग की ओर से क्या कदम उठाये गये हैं ? क्या सरकार जनपदों में कार्यरत रोजगार केन्द्रों (श्रम एवं

सेवायोजन कार्यालय) को और अधिक प्रभावी बनाकर बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के उपायों पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

सेवायोजन कार्यालय मात्र बेरोजगार अभ्यर्थियों का पंजीकरण करता है। सरकारी/अर्धसरकारी संस्थानों में नौकरी/रोजगार एक विहित प्रक्रिया है जिसे सरकारी/अर्धसरकारी संस्थानों के समस्त प्रशासकीय विभागों के माध्यम से रिक्त पदों पर चयन कराया जाता है। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित सेवायोजन कार्यालयों द्वारा नियोजकों द्वारा अधिसूचित रिक्तियों के सापेक्ष सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार अभ्यर्थियों का सम्प्रेक्षण कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं।

सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को कैरियर काउन्सिलिंग एवं रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

श्रमिक कालोनियों का रख–रखाव

18–श्री सतीश महाना–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में श्रमिक कालोनियों का रख–रखाव सरकार द्वारा कितने वर्षों से बन्द है ? क्या सरकार को जानकारी है कि विगत पांच वर्षों से उन कालोनियों का रख–रखाव न होने के कारण उसमें रहने वाले लोगों द्वारा रख–रखाव किये जाने हेतु सरकार ने कोई अनुमति दी है ? यदि हां, तो उसकी शर्तें क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

औद्योगिक श्रमिक कालोनियों का रख–रखाव लगभग 19 वर्षों से बन्द है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

शासनादेश संख्या 515/36–4–95–16/1992, दिनांक 21–02–1995 द्वारा निर्णय लिया गया था कि उक्त कालोनियों का रख–रखाव राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जाएगा।

जनपद फैजाबाद की ग्राम पंचायत सैदपुर के कतिपय मजरों में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें खुलवाना

19–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फैजाबाद में ग्राम पंचायत सैदपुर में वि0ख0 मवई की आबादी 10000 से ऊपर है तथा इसके मजरे नय्यामऊ, काली गोसाई का पुरवा, फुरसत का पुरवा, खरिका, बरकत का पुरवा, चैन मिश्र

का पुरवा, गनेशपुर, सधई का पुरवा, गुमान का पुरवा, कोइली का पुरवा, पान्डे का पुरवा, पंडित का पुरवा तथा महमदनगर, अलग–अलग तथा दूर–दूर हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम पंचायत सैदपुर में उक्त मजरों के निवासियों की सुविधा को देखते हुए अलग–अलग मजरों में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें खुलाना सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जनपद फैजाबाद में ग्राम पंचायत सैदपुर, विकास खण्ड मवई की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 9571 है तथा इसमें कुल 28 मजरे हैं, जो 01 कि0मी0 से 03 कि0मी0 के अन्तर्गत है।

शासनादेश संख्या–2175/29–6–2002–162सा/2002, दिनांक 17–08–2002 के अनुसार यथासम्भव प्रत्येक ग्रामसभा में एक राशन की दुकान होगी और यदि ग्राम सभा में 4000 यूनिट से अधिक हो तो एक से अधिक दुकान नियुक्त किये जाने पर विचार किया जा सकता है। ग्राम पंचायत मवई में 8274 यूनिट हैं तथा वर्तमान में 02 उचित दर की दुकानें कार्यरत हैं। उपर्युक्त शासनादेश में मजरेवार उचित दर की दुकानें आवंटित किये जाने का प्रावधान नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

प्रदेश में ग्राम पंचायतों के आगामी चुनाव को ध्यान मे रखते हुए नये ग्राम पंचायतों की गठन की नीति की जानकारी

20–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंचायत के आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए नये ग्राम पंचायतों के गठन की सरकार कोई नीति बनायेगी ? यदि हां, तो ऐसी ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां। प्रदेश में ग्राम पंचायतों के आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए नये ग्राम पंचायतों के गठन/पुनर्गठन/परिसीमन किये जाने के संबंध में शासनादेश संख्या–1992/33–3–2014–03 रा0नि0आ0/2014, दिनांक 16 अगस्त, 2014 निर्गत किया गया है।

शासनादेश संख्या–2902/33–3–2014–03 रा0नि0आ0/2014, दिनांक 03 नवम्बर, 2014 में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं, जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायतों के गठन की कार्यवाही दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 तक पूर्ण करने हेतु निर्धारित की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

उ0प्र0 सड़क परिवहन निगम प्रदेश में बस अड्डों को पी0पी0पी0 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में संचालन तथा विकसित करने की नीति की जानकारी

21–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0 प्र0 सड़क परिवहन निगम प्रदेश में बस अड्डों को पी0पी0पी0 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में संचालन की नीति बना रही है ? यदि हां, तो वह नीति क्या है और इसमें किन–किन जनपदों के बस अड्डों को शामिल किया जा रहा है ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

प्रदेश में वर्तमान में चिन्हित बस स्टेशनों को पी0पी0पी0 माडल पर निजी क्षेत्र से निवेश द्वारा विकसित करने की नीति है।

उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रमुख बस स्टेशनों को सार्वजनिक निजी सहभागिता के आधार पर अवस्थापना विकास विभाग द्वारा जारी गाईड लाइन्स के अन्तर्गत विकसित किये जाने की नीति है। इसके अन्तर्गत शासन द्वारा अनुमोदित आर0एफ0क्यू0, आर0एफ0पी0 व कन्सेसन एग्रीमेन्ट के अनुसार निविदा के माध्यम से वर्तमान में 13 बस स्टेशनों ईदगाह–आगरा, सिविललाइन्स–इलाहाबाद, आगराफोर्ट–आगरा, रसूलाबाद–अलीगढ़, ट्रांसपोर्टनगर–आगरा, सोहराबगेट–मेरठ, कौशाम्बी–गाजियाबाद, वाराणसी कैण्ट–वाराणसी, आलमबाग–लखनऊ, झकरकट्टी–कानपुर, बरेली–सैटेलाईट, गोरखपुर एवं विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को विकसित किये जाने हेतु सम्मिलित किया गया है।

जनपद मथुरा की तहसील मथुरा एवं महावन के अन्तर्गत अवैध खनन को रोकने तथा कार्यवाही की मांग

22–श्री पूरन प्रकाश–

क्या भू–तत्व एवं खनिकर्म मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मथुरा के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध बालू एवं मिट्टी खनन के कितने मामले वर्ष 2012–13, 2013–14 में स्थानीय प्रशासन द्वारा पकड़े गये हैं ? क्या यह सही है कि स्थानीय प्रशासन/पुलिस विभाग की मिलीभगत से अवैध बालू एवं मिट्टी खनन माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद मथुरा की तहसील मथुरा एवं महावन के अन्तर्गत अवैध खनन रोकने के लिये कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति–

वर्ष 2012–13 में 14 प्रकरण प्रकाश में आये जिसके आलोक में की गयी कार्यवाही में कुल 150 वाहन सीज किये गये एवं वर्ष 2013–14 में 08 प्रकरण प्रकाश में आये, जिसके आलोक में की गयी कार्यवाही में कुल 90 वाहन सीज किये गये।

जी नहीं।

जनपद मथुरा में जिस क्षेत्र से अवैध खनन/परिवहन की शिकायत आती है उसके विरुद्ध जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्कफोर्स के माध्यम से त्वरित कार्यवाही की जाती है।

प्रश्न नहीं उठता।

अलीगढ़ मण्डल में मण्डल स्तरीय उपायुक्त (खाद्य) की तैनाती का प्रकरण

23–श्री दलवीर सिंह–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अलीगढ़ को मण्डल बने कई वर्ष हो गये हैं, परन्तु अभी तक मण्डल स्तरीय उपायुक्त खाद्य की तैनाती नहीं की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार मण्डलीय स्तरीय उपायुक्त खाद्य की तैनाती करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी हां।

जी नहीं।

अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ में उपायुक्त (खाद्य) का पद सृजित नहीं है।

जनपद अलीगढ़ में ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती के स्वीकृत पदों की अपेक्षा कम किये जाने से कार्यो का बाधित होना

24–श्री दलवीर सिंह–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती स्वीकृत पदों की अपेक्षा कम होने के कारण विकास कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार स्वीकृत पदों के अनुरूप शीघ्र तैनाती करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी हां। भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फैजाबाद के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के वि0ख0 मवई के अन्तर्गत सैदपुर की ग्राम पंचायत के सभी मजरों में शौचालय स्वीकृत करने विषयक

25–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फैजाबाद के विधान सभा क्षेत्र रूदौली के वि0 ख0 मवई अन्तर्गत सैदपुर की ग्राम पंचायत के सभी मजरों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए 100–100 शौंचालय की स्वीकृति देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां, ग्राम पंचायत सैदपुर के मजरों में रहने वाले परिवारों की संख्या जो इच्छुक एवं पात्र परिवार है, को नियमानुसार आवेदन करने पर शौचालय की स्वीकृति दी जायेगी।

वर्ष 2015–16 में भारत सरकार द्वारा रिवाइज्ड ए0आई0पी0 (वार्षिक कार्ययोजना) की स्वीकृति एवं धनावंटन प्राप्त होने पर की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में बढ़ती हुई गरीबी व बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए बी0पी0एल0/ए0पी0एल0 कार्डों का पुनः सर्वे कराकर इनकी संख्या बढ़ोत्तरी करने विषयक

26–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ती हुई गरीबी व बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए बी0पी0एल0/ए0पी0एल0 कार्ड धारकों का पुनः सर्वे कराकर इनकी संख्या की बढ़ोत्तरी करने पर क्या सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के लिए 106.79 लाख बी0पी0एल0 परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें बी0पी0एल0 श्रेणी के 6584500 तथा अन्त्योदय श्रेणी के 4094500 राशन कार्डों के लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राशन कार्ड निर्गत कर दिये गये हैं। बी0पी0एल0 कार्ड धारकों का लक्ष्य बढ़ाने की प्रदेश सरकार की मांग को भारत सरकार द्वारा अपने पत्र दिनांक 18 मई, 2007 के माध्यम से अस्वीकार किया जा चुका है। ए0पी0एल0 श्रेणी के राशन कार्ड आवेदक द्वारा आवेदन करने पर जांचोपरान्त सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किये जाते हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

फिरोजाबाद में नगला भाऊ स्थित औद्योगिक स्थान पर खाली निष्प्रयोज्य भूमि पर गरीब/मेहनतकश मजदूरों की सुविधा हेतु रैन बसेरा, सार्वजनिक शौचालय आदि बनाये जाने विषयक

27–श्री मनीष असीजा–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर फिरोजाबाद में नगला भाऊ स्थित औद्योगिक स्थान पर खाली/निष्प्रयोज्य पड़ी भूमि पर गरीब/मेहनतकश मजदूरों की सुविधा हेतु रैन बसेरा, सार्वजनिक शौंचालय एवं ठण्डे पानी की मशीन सरकार लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

जी नहीं।

प्रश्नगत भूमि श्रम विभाग की नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

मुख्य मंत्री कार्यालय में दर्ज कम्प्यूटर संख्या–सी0एम0/वि0को0/एम0/पी0पी0–10437841/2014 का पत्र जो मेरठ पुलिस एवं परिवहन विभाग की नियमित चेकिंग से सम्बन्धित था, पर कृत कार्यवाही की जानकारी

28–श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले)–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री कार्यालय में दर्ज कम्प्यूटर संख्या–सी0एम0/वि0को0/एम0/पी0जी0– 10437841/2014 प्रश्नकर्ता का पत्र जो मेरठ पुलिस एवं परिवहन विभाग को नियमित चेकिंग व प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश जारी करने के सम्बन्ध में है, प्रमुख सचिव/सचिव, परिवहन विभाग को 03–03–2014 को भेजा गया है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी हां।

शिकायती पत्र में अंकित चोरी के स्कूटर/मोटर साइकिल/कार/ट्रक आदि गाड़ियों के अवैध रुप से काटे जाने का विषय मोटर व्हीकल एक्ट में अन्तर्ग्रस्त न होने के कारण परिवहन विभाग से सम्बन्धित नहीं है। गृह विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गोरखपुर में दिमागी बुखार से मरने वालों की संख्या को देखते हुए गोरखपुर में एस0जी0पी0जी0आई0 जैसी संस्थान खोले जाने की मांग

29–श्री देवनरायन उर्फ जी0एम0 सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गोरखपुर में दिमागी बुखार से मरने वाले व्यक्तियों की भारी संख्या को देखते हुये क्या सरकार गोरखपुर में एस0जी0पी0जी0आई0 जैसा कोई संस्थान का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

जनपद गोरखपुर में मस्तिष्क ज्वर के रोगियों की सुविधा हेतु राजकीय मेडिकल कालेज गोरखपुर को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत उच्चीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित रोगियों के इलाज हेतु मेडिकल कालेज गोरखपुर में 100 बेड का वार्ड बनाया गया है, जिसमें मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित रोगियों को भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 500 बेड के बाल रोग संस्थान का भी निर्माण कराया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस के अन्तर्गत कस्बा सिकन्दरा राऊ में रोडवेज बस स्टैण्ड स्वीकृत कर चालू कराया जाना

30–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के अन्तर्गत कस्बा सिकन्दरा राऊ में रोडवेज बस स्टैण्ड की स्वीकृति प्रदान कर चालू कराने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी नहीं।

रोडवेज बस स्टैण्ड के निर्माण हेतु कोई उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है।

जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक फतहपुर मण्डाव के अन्तर्गत ग्राम सभा पहाड़ीपुर के ग्राम सभा मुस्तफाबाद तक लगभग 1.00 कि0मी0 क्षतिग्रस्त रोड को बनाया जाना

31–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक फतहपुर मण्डाव के अन्तर्गत ग्राम सभा पहाड़ीपुर से ग्राम सभा मुस्तफाबाद तक (ल0 लगभग 1.0 कि0मी0) सड़क क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का लेपन कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है और न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अंतर्गत ग्राम सभा मनिकापुर से मिश्रौली तक लगभग 1.00 कि0मी0 की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराया जाना

32–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभा मनिकापुर से मिश्रौली तक (ल0 लगभग 1.0 कि0मी0) की क्षतिग्रस्त सड़क का जनहित में लेपन कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है और न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़गांव के अन्तर्गत अमिला बाजार रविदास मन्दिर से अवधराज के ट्यूबवेल तक लगभग 2.00 कि0मी0 क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराया जाना

33–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत अमिला बाजार रविदास मंदिर से अवधराज के ट्यूबवेल तक (ल0 लगभग 2.0 कि0मी0) की क्षतिग्रस्त सड़क का जनहित में लेपन कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है और न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

जनपद फिरोजाबाद में गरीब मेहनतकश श्रमिकों के मुक्त इलाज हेतु प्रस्तावित ई0एस0टी0 हास्पिटल हेतु भूमि उपलब्ध कराया जाना

34–श्री मनीष असीजा–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में लाखों की संख्या में कार्यरत गरीब मेहनतकश श्रमिकों के मुफ्त इलाज के लिये प्रस्तावित ई0एस0टी0 हास्पिटल के लिये आवश्यक भूमि सरकार उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

जी हां।

प्रस्तावित ई0एस0आई0 हास्पिटल हेतु भूमि की तलाश फिरोजाबाद में की जा रही है। जैसे ही भूमि उपलब्ध होगी, प्रस्ताव कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली भेज दिया जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फिरोजाबाद के क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति कार्यालय पुनः सुहागनगर में स्थानान्तरित करने विषयक

35–श्री मनीष असीजा–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति कार्यालय जो कि सुहाग नगर सेक्टर नं0–02 में था, को बन्द कर नगर से 8 कि0मी0 दूर डबरई में स्थानान्तरित कर दिया गया है, जिसके कारण से क्षेत्रीय जनता को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिये शहर से 8 कि0मी0 दूर जाना

पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय को पुनः पुराने स्थान पर स्थानान्तरित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी हां।

जनपद–फिरोजाबाद के क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय को पुनः सुहाग नगर (पुराने भवन में नहीं) में स्थानान्तरित किये जाने संबंधी कार्यवाही दिनांक 30 नवम्बर, 2014 तक पूर्ण कर ली जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

'36–श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)–

ख्कार्मिक 1ले सोमवार के अता0प्र0सं0–189 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद अलीगढ़ में कासिमपुर साधू आश्रम मार्ग से ग्राम तालिमनगर तक सम्पर्क मार्ग की मरम्मत

37–श्री दलवीर सिंह–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में कासिमपुर साधू आश्रम मार्ग से ग्राम तालिमनगर तक सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग की मरम्मत कब तक करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

31 मार्च, 2015 तक।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा शिक्षा देने वाले संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को अलग–अलग सेवा शर्तों के आधार पर वेतन दिये जाने विषयक

38–डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा शिक्षा देने वाले संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को अलग–अलग सेवा शर्तें तथा वेतन दिये जा रहे हैं ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

प्रदेश के समस्त राजकीय मेडिकल कालेजों तथा 03 सम्बन्धित राजकीय संस्थानों–हृदय रोग संस्थान, कानपुर, जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर तथा मनोहरदास राजकीय नेत्र संस्थान, इलाहाबाद में कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों की सेवा शर्तें व वेतन का विवरण निम्नवत् है :–

क्र0	पदनाम	वेतनमान	ग्रेड वेतन
1	आचार्य	रु0 37400–67000	रु0 8900

2	सह–आचार्य	रु0 37400–67000	रु0 8700
3	सहायक–आचार्य	रु0 15600–39100	रु0 6600
4	प्रवक्ता	रु0 15600–39100	रु0 5400

विषयगत चिकित्सा शिक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 (यथा संशोधित) के प्राविधानों से शासित होते हैं।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों की सेवा शर्तें व वेतन का निम्नवत् है :–

क्र0	पदनाम	वेतनमान	ग्रेड वेतन
1	आचार्य	रु0 37400–67000	रु0 10000
2	सह–आचार्य	रु0 37400–67000	रु0 8700
3	सहायक–आचार्य	रु0 15600–39100	रु0 6600
4	प्रवक्ता	रु0 15600–39100	रु0 5400

विषयगत चिकित्सा शिक्षक किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 तथा परिनियमावली, 2011 के प्राविधानों से शासित होते हैं

उक्त के अतिरिक्त उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ एवं उ0प्र0 ग्रामीण आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, सैफई इटावा के चिकित्सा शिक्षकों की सेवा शर्तें व वेतन का विवरण निम्नवत् है :–

क्र0	पदनाम	वेतनमान	ग्रेड वेतन
1	प्रोफेसर	रु0 37400–67000	रु0 10500
2	एडिशनल प्रोफेसर	रु0 37400–67000	रु0 9500
3	एसोसियट प्रोफेसर	रु0 15600–39100	रु0 9000
4	असिस्टेन्ट प्रोफेसर	रु0 15600–39100	रु0 8000

प्रश्नगत चिकित्सा शिक्षकों की सेवा शर्तें एवं वेतन आदि की स्वीकृति संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान विनियमावली, 2011 के प्राविधानों के अनुसार की जाती है।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान बी0ए0एम0एस0 डिग्री केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद् आर0एम0सी0सी0 ऐक्ट 1970 के द्वितीय अनुसूची में शामिल न होने के बाद भी भारतीय चिकित्सा परिषद् में पंजीकृत किये जाने विषयक

39–श्रीमती सीमा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1999 से 2004 के मध्य बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान बी0ए0एम0एस0 डिग्री केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद् के आर0एम0सी0सी0 ऐक्ट, 1970 के द्वितीय अनुसूची में शामिल न होने के बाद भी भारतीय चिकित्सा परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बदायूं के विधान सभा क्षेत्र बिल्सी के विकास खण्ड उझाकी के बदायूं बिल्सी मार्ग बरमय से मयखेड़ा तक लगभग 2 कि0मी0 सड़क मुख्य मार्ग से जोड़े जाने विषयक

40–श्री मुसर्रत अली बिट्टन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूं के विधान सभा क्षेत्र बिल्सी के विकास खण्ड उझानी के बदायूं बिल्सी मार्ग बरमय खेड़ा से मयखेड़ा तक लगभग 1 कि0मी0 मुख्य मार्ग से नहीं जोड़े होने के कारण आवागमन में क्षेत्रीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बदायूं की विधान सभा क्षेत्र बिल्सी के विकास खण्ड उझानी के बदायूं–बिल्सी मार्ग बरमय खेड़ा से मयखेड़ा बदायूं–बिल्सी मार्ग से शहजादनगर सम्पर्क मार्ग से पूर्व में ही लेपित मार्ग से जुड़ा हुआ है। सिंगल कनेक्टीविटी के अन्तर्गत पूर्व से ही ग्राम सम्पर्क मार्ग से जुड़ा हुआ है।

जनपद हाथरस के कस्बा पुरदिन नगर में मूंगा, मोती एवं नग के उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सरकार से ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग

41–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के कस्बा पुरदिल नगर में मूंगा, मोती एवं नग के उद्योग को बढ़ाया देने हेतु सरकार द्वारा कोई ठोस प्रयास किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री (श्री भगवत सरन गंगवार)–

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हस्तशिल्प कला के प्रोत्साहन तथा हस्तशिल्पियों के विकास हेतु अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना संचालित है जिसमें हस्तशिल्प उद्यमियों को माल ले जाने के

लिए भाड़े एवं स्टाल किराये में आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाती है। हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षण भी दिलवाया जाता है। इनके उत्पादों के विपणन प्रोत्साहन के लिए वेबसाईट पर इनकी कला का प्रदर्शन भी किया गया है। हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार भी दिये जाते हैं। विशिष्ट शिल्पकारों के लिए पेंशन योजना भी प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही हैं।

प्रदेश सरकार के अलावा केन्द्र सरकार द्वारा भी हस्तशिल्पियों के उत्थान एवं उनके उत्पादन के विपणन प्रोत्साहन के लिए अलग से योजनायें संचालित हैं। उसका भी लाभ प्रदेश के हस्तशिल्पी प्राप्त करते हैं।

जनपद हाथरस के कस्बा पुरदिल नगर में मूंगा, मोती एवं नग के उद्योग से जुड़े हस्तशिल्पियों को उपरोक्त योजनाओं से लाभ प्राप्त हो रहा है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद हाथरस के विकास खण्ड हाथरस की ग्राम पंचायत मिर्जापुर के अन्तर्गत ग्राम नहरई में खड़ण्जा व नाली के निर्माण की मांग

42–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के विकास खण्ड हाथरस की ग्राम पंचायत मिर्जापुर के अन्तर्गत ग्राम नहरई में खड़न्जा व नाली क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्राम में खड़न्जा, नाली एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं, क्योंकि ग्राम नहरई में खड़ंजा व नाली तथा परिक्रमा मार्ग बनाये जाने हेतु लगभग रू0 16.00 लाख धनराशि की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर इतनी धनराशि की उपलब्धता नहीं होती है। अतः उक्त ग्राम के खड़ंजा नाली एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण कराया जाना सम्भव नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस की तहसील सिकन्दरा राऊ के अन्तर्गत ग्राम पोरा में दलित बस्ती की नाली, खड़ण्जा निर्माण कराने विषयक

43–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस की तहसील सिकन्दराराऊ के अन्तर्गत ग्राम पोरा में दलित बस्ती की नाली, खड़न्जा क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बस्ती में खड़न्जा एवं नाली निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस में सरकार द्वारा जिला कारागार स्थापित कराये जाने की मांग

44–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस में सरकार द्वारा जिला कारागार स्थापित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री बलराम यादव–

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस के ब्लाक हसायन के अन्तर्गत ग्राम नगला वीर सहाय में नाली, खड़ण्जा निर्माण कराये जाने विषयक

45–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के ब्लाक हसायन के अन्तर्गत ग्राम नगला वीर सहाय में नाली व मार्ग के खड़न्जा क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्राम में खड़न्जा, नाली एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

सूचना एकत्र की जा रही है।

जनपद बदायूं के विधान सभा क्षेत्र 114 बिल्सी के अन्तर्गत रोडवेज डिपो स्थापित कराने विषयक

46–श्री मुसर्रत अली बिट्टन–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूं के विधान सभा क्षेत्र 114 बिल्सी के अन्तर्गत बिल्सी को तहसील बने लगभग 16 वर्ष हो चुके हैं परन्तु रोडवेज डिपो का प्रस्ताव कई बार स्वीकृत होने के उपरान्त अब तक स्थापित न होने से स्थानीय जनता व व्यापारी वर्ग को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त क्षेत्र में डिपो बनाने का कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी नहीं। पूर्व में कभी रोडवेज डिपो का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ।

प्रश्न नहीं उठता।

उपरोक्तानुसार।

पूर्व में बस स्टेशन निर्माण हेतु जिलाधिकारी बदायूं से प्राप्त भूमि का प्रस्ताव निदेशक मण्डल द्वारा उपयुक्त न पाये जाने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया है।

जनपद अलीगढ़ में रामघाट रोड़ से बन्धा किनारे का रास्ता केन्द्रीय विद्यालय से ग्राम रसूलपुर तक कच्चा मार्ग पक्का कराने सम्बन्धित

47–श्री दलवीर सिंह–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में रामघाट रोड से बम्बा किनारे का रास्ता केन्द्रीय विद्यालय से ग्राम रसूलपुर तक मार्ग कच्चा व क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग को पक्का करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत मार्ग जिला पंचायत से स्वीकृत नहीं है। रामघाट रोड से देवसैनी तक 0.883 कि0मी0 ही जिला पंचायत से स्वीकृत है, जिसे मार्च, 2015 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

प्रश्नगत मार्ग के अवशेष अंश ग्राम देवसैनी से रसूलपुर तक की लम्बाई 1.50 कि0मी0 एवं लागत लगभग 75 लाख है, जिसके निर्माण का प्रस्ताव नियमानुसार जिला पंचायत की आगामी बैठक में स्वीकृत कराये जाने हेतु रखा जायेगा।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद अलीगढ़ में वर्ष 2012–13 व 2013–14 में नाबालिग बच्चों को श्रम से मुक्त कराकर वसूली गयी धनराशि दर्शाते हुए बच्चों को पुनर्वास हेतु धनराशि का दिया जाना

48–श्री दलवीर सिंह–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में वर्ष 2012–13 व 2013–14 में कुल कितने नाबालिग बच्चों को श्रम से मुक्त कराया गया तथा श्रम कराने वालों से कुल कितनी धनराशि वसूल की गयी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इन बच्चों के पुनर्वास हेतु क्या प्रयास किये गये तथा इन्हें कितनी–कितनी धनराशि पुनर्वास हेतु उपलब्ध करायी गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

जनपद अलीगढ़ में वर्ष 2012–13 में 12 बच्चे तथा वर्ष 2013–14 में 31 बच्चे बाल श्रमिक के रूप में मुक्त कराये गये तथा श्रम कराने वालों से वर्ष 2012–13 में रू0 9950/– एवं वर्ष 2013–14 में रू0 1,83,715/– वसूल किये गये। दोषी सेवायोजकों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में प्राभियोजन भी दायर किये गये हैं।

मुक्त कराये गये बच्चों के पुनर्वासन हेतु उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया। धनराशि वसूली की तिथि के समय चिन्हित/मुक्त बाल श्रमिक की आयु 14 वर्ष

या 14 वर्ष से अधिक होने के कारण पुनर्वासन हेतु धनराशि नियमानुसार अवमुक्त नहीं करायी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

49–श्री देवनरायन उर्फ जी0एम0 सिंह–

ख्ग्राम विकास 1 ले मंगल के अता0 प्र0सं0–100 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

प्रदेश में ग्राम सभाओं में उचित दर की दुकानें रिक्त होने के बावजूद दूसरी ग्राम सभाओं से अटैच कर संचालित दुकानों को उसी ग्राम में संचालित करने विषयक प्रकरण

50–श्री देवनरायन उर्फ जी0एम0 सिंह–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी ग्राम सभायें ऐसी हैं जिसमें सस्ते गल्ले की दुकान के कोटे का चयन न होने के कारण उन्हें दूसरे ग्राम सभा में अटैच करके चलाया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त ग्राम सभाओं में कोटे का चयन कर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान खुलवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

प्रदेश में 3396 ग्राम सभाओं में उचित दर की दुकानें रिक्त हैं, जिन्हें दूसरे ग्राम सभाओं से सम्बद्ध कर आवश्यक वस्तुओं का वितरण कार्डधारकों में कराया जा रहा है। रिक्त 3396 ग्राम सभाओं में से 1947 ग्राम सभाओं में निरस्त उचित दर विक्रेताओं द्वारा माननीय उच्च न्यायालय/अपीलीय न्यायालय में अपील दायर की गयी है, जो माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

शेष 1449 ग्राम सभाओं में नई उचित दर की दुकान के चयन की कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र ही दुकानों का चयन कर उचित दर की दुकान खुलवा दी जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद जालौन में माधौगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कस्बा कोंच में जन धन हानि रोकने हेतु मलंगा नाला की खुदाई एवं मेन रोड से पुल के बीच की टूटी पुलियों के निर्माण कराये जाने विषयक

51–श्री सन्तराम कुशवाहा–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2013–14 में भारी बारिश एवं करूई बांध के पानी खोले जाने से जनपद जालौन के कस्बा कोंच में तीन लोगों की मौत एवं पूरे नगर की धन हानि हुई थी ? क्या सरकार माधौगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कस्बा कोंच में जन धन हानि रोकने के लिये मलंगा नाला की खुदाई एवं मथुरा प्रसाद डिग्री कालेज से मलंगा के मेन रोड पुल के बीच टूटी तीन पुलियों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस के ग्राम खेड़ा सुल्तानपुर तहसील सिकन्दराराऊ में क्षतिग्रस्त नाली खड़ण्जा का निर्माण कराया जाना

52–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के ग्राम खेड़ा सुल्तानपुर तहसील सिकन्दराराऊ में नाली व खड़न्जा क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव में खड़न्जा, नाली एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद हाथरस के विकास खण्ड हसायन के अन्तर्गत ग्राम नगला कोरिया में क्षतिग्रस्त नाली खड़ंजा का निर्माण कराया जाना

53–श्री रामवीर उपाध्याय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के विकास खण्ड हसायन के अन्तर्गत ग्राम नगला कोरिया में नाली, खड़न्जा क्षतिग्रस्त होने से नागरिकों को असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग के खड़न्जा, परिक्रमा मार्ग एवं नाली का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद महराजगंज के अन्तर्गत टाऊन एरिया व ग्रामीण इलाकों के कस्बों में तथा चौराहे पर (हाईमास्ट लाइट) लगाये जाने की मांग

54–श्री देवनरायन सिंह उर्फ जी0एम0 सिंह–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पनियरा, जनपद महराजगंज के अन्तर्गत टाउन एरिया व ग्रामीण इलाकों के कस्बों में तथा चौराहे पर जो (हाईमास्ट लाइट) लगाये गये थे, वह अत्यधिक स्थानों पर खराब हो चुके हैं जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि

हां, तो क्या सरकार उक्त कस्बा में लगे (हाईमास्ट लाइट) को तत्काल ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

विधान सभा पनियरा जनपद महराजगंज में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना से वर्ष 2006–07 में 05 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट कार्यदायी संस्था फैक्सपेड द्वारा लगवाये गये हैं। वर्ष 2005–06 में 02 स्थानों पर एवं वर्ष 2007–08 में 06 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट राजकीय निर्माण एजेन्सी, उत्तर प्रदेश श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड महराजगंज द्वारा लगवाये गये हैं। उपरोक्त अधिकतर हाई मास्ट लाइट खराब हैं। इनकी मरम्मत सम्बन्धित ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत द्वारा धनराशि उपलब्ध होने पर करायी जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभा मु0बाद0 सिपाह के बालचन्द्र के घर से निषाद बस्ती को 1.5 कि0मी0 क्षतिग्रस्त सड़क को लेपन स्तर तक बनाया जाना

55–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभा मु0बाद0 सिपाह के बालचन्द के घर से निषाद बस्ती होते हुए मादी सिपाह चिऊंटीडाढ़ पिच मार्ग तक (ल0 लगभग 1.5 कि0मी0) क्षतिग्रस्त सड़क का लेपन कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग मिट्टी/सोलिंग की है, जिस पर आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है एवं न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

'56–श्री गुटियारी लाल दुवेश–

ख्औद्योगिक विकास–4 1ले गुरूवार के अता0 प्र0 सं0–124 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में जनहित की मांग पर मार्गों/सड़कों को बनवाये जाने विषयक प्रश्न कर्ता का पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

57–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में जनहित की मांग पर मार्गों/सड़कों को बनवाने के लिये प्रस्ताव 1 से 10 तक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ख 5 नं0 321896, दिनांक 18–8–2014 जिलाधिकारी, जनपद चन्दौली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा महेवा वि0खं0 नियामताबाद के अन्तर्गत लंका मार्ग से महेवां गांव होते हुए नेशनल हाईवे तक का मार्ग निर्माण करने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

58–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में जनहित की मांग पर मार्गों/सड़कों को बनवाने के लिये प्रस्ताव 1 से 10 तक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ख 5 नं0 321896, दिनांक 18–8–2014 जिलाधिकारी, जनपद चन्दौली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

लखनऊ–फैजाबाद मार्ग पर मटियारी चौराहे से आगे बायी तरफ भारत गैस गोदाम के बगल से रहमानपुर गांव जाने वाली सड़क पर सी0सी0 रोड़ का निर्माण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

59–श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ–फैजाबाद मार्ग पर मटियारी चौराहे से आगे बायीं तरफ भारत गैस गोदाम के बगल से रहमानपुर गांव जाने वाली सड़क पर सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र पर मुख्य मंत्री कार्यालय पर दर्ज पत्र सं0–सी0एम0/वि0को0/एम0/ पी0जी0–10476714/2014

प्रमुख सचिव, पंचायती राज, उ0 प्र0 शासन लखनऊ को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में बालू खनन की नीति की जानकारी तथा रेत का ठेका नीलाम न होने से हो रही राजस्व घाटे को देखते हुए नीलामी कराया जाना

60–श्री सुरेश कुमार खन्ना–

क्या भूतत्व एवं खनिकर्म मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बालू खनन की नीति क्या है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि रेत का ठेका नीलाम न होने के कारण सरकार को सैकड़ों, करोड़ों रुपया राजस्व की हानि हो रही है ? यदि हां, तो रेत का ठेका नीलामी शुरू की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति–

वर्तमान में ''उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली, 1963'' (यथासंशोधित) के अध्याय–2 के अन्तर्गत खनन पट्टा प्रणाली के माध्यम से खनन पट्टा स्वीकृत किये जाने की नीति है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

नदी तल में स्थित बालू, मौरम, बजरी, बोल्डर के रिक्त क्षेत्रों को ''उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली, 1963'' (यथासंशोधित) के अध्याय–2 के अन्तर्गत खनन पट्टा प्रणाली के माध्यम से खनन पट्टा प्रणाली के माध्यम से खनन पट्टा स्वीकृत किये जायेंगे।

प्रश्न नहीं उठता।

'61–श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी–

खनिर्वाचन 1ले सोमवार के अता0 प्र0सं0– 190 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद फिरोजाबाद की जिला जेल में स्थापित 200 के0वी0 की क्षमता के जनरेटर की ईधन खपत क्षमता अधिक होने की दशा में न चलाने के कारण हो रही अव्यवस्था को ठीक कराना

62–श्री मनीष असीजा–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की जिला जेल में स्थापित 200 के0वी0 की क्षमता के जनरेटर की ईंधन खपत क्षमता बहुत अधिक होने के कारण रात्रि में विद्युत न होने की दशा में नहीं चलाया जाता है जिससे बैरकों में क्षमता से अधिक निरुद्ध बंदियों को भीषण गर्मी में बिना पंखे के अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जिला जेल के पंखे, राड आदि कम लोड के विद्युत उपकरणों को संचालित करने के लिये एक 50 के0वी0 के जनरेटर की स्थापना करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री बलराम यादव–

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

कारागार की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त संख्या में जेनरेटर सेट उपलब्ध है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्योग अथवा निजी कम्पनियों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से बीमित किये बिना कर्मचारियों से कार्य न लिये जाने सम्बन्धी नियमावली बनाये जाने विषयक

63–डा0 धर्मपाल सिंह–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार ऐसे किसी नियम को बनाने पर विचार करेगी जिसमें यह शत–प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग अथवा निजी कम्पनियों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम से बीमित किये बिना कर्मचारियों से कार्य न लिया जाये ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

जी नहीं।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम–1948 भारत सरकार का अधिनियम है। इस अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियम बनाया जाना सम्भव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

बुलन्दशहर नगर में सराय कुडिया स्थित जिला पंचायत बुलन्दशहर की लगभग 100 करोड़ की जमीन/सम्पत्ति को हड़पने के लिए अध्यक्ष जिला पंचायत बुलन्दशहर द्वारा असमाजिक तत्वों से मिलकर घोटाला करने विषयक प्रकरण पर प्रश्नकर्ता का पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

64–श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री कार्यालय में प्रश्नकर्ता का दर्ज पत्र कम्प्यूटर सं0–पी0जी0–10475981, दिनांक 10–07–2014 जो बुलन्दशहर नगर में सराय कुडिया स्थित जिला पंचायत बुलन्दशहर की लगभग 100 करोड़ की जमीन/सम्पत्ति को हड़पने के लिये अध्यक्ष, जिला पंचायत बुलन्दशहर द्वारा

असामाजिक तत्वों से मिलकर घोटाला करने विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी बुलन्दशहर की आख्या प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी, बुलन्दशहर ने अपने पत्र दिनांक 29–09–2014 एवं दिनांक 11–09–2014 द्वारा जांच आख्या उपलब्ध करायी गयी है। जांच आख्या में भ्रष्टाचार किये जाने का उल्लेख नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

अध्यक्ष जिला पंचायत बुलन्दशहर द्वारा अवैध रूप से निरीक्षण भवन तथा अपर मुख्य अधिकारी भवन को तोड़कर परिसर बनाकर व्यावसायिक ईकाईयों को बांटे जाने विषयक शिकायती पत्र पर की गयी कार्यवाही की जानकारी

65–श्रीमती बिमला सिंह सोलंकी–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री कार्यालय में दर्ज प्रश्नकर्ता का पत्र कम्प्यूटर सं0–पी0जी0–10476670, दिनांक 10–07–2014 जो अध्यक्ष, जिला पंचायत, बुलन्दशहर द्वारा अवैध रूप से जिला पंचायत बुलन्दशहर के निरीक्षण भवन तथा अपर मुख्य अधिकारी भवन को तोड़कर परिसर बनाने तथा उसमें बनी व्यवसायिक इकाइयों के आवंटन में किये जा रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी बुलन्दशहर की आख्या प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी, बुलन्दशहर ने अपने पत्र दिनांक 11–09–2014 एवं दिनांक 27–09–2014 द्वारा जांच आख्या उपलब्ध करायी गयी है। जांच आख्या में भ्रष्टाचार किये जाने का उल्लेख नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश की जेलों में बन्द कैदियों को सितम्बर 2014 का मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विचाराधीन कैदियों को छोड़े जाने के आदेशानुसार छोड़े गये कैदियों की संख्या की जानकारी

66–श्री सुरेश कुमार खन्ना–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की जेलों में कितने विचाराधीन बन्दी एक वर्ष, दो वर्ष व तीन वर्ष से अधिक समय से बन्द हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि सितम्बर, 2014 का मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विचाराधीन बन्दियों को छोड़ने सम्बन्धी दिये गये आदेश के अन्तर्गत कुल कितने बन्दी छोड़े गये ?

श्री बलराम यादव–

प्रदेश की कारागारों में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों का विवरण निम्नवत् है :–

01 वर्ष से अधिक अवधि के निरुद्ध विचाराधीन बंदी 11137

02 वर्ष से अधिक अवधि के निरुद्ध विचाराधीन बंदी 5950

03 वर्ष से अधिक अवधि के निरुद्ध विचाराधीन बंदी 5499

विचाराधीन बंदियों को कारागार से मुक्त करने के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय का माह सितम्बर, 2014 का आदेश नहीं है, किन्तु रिट याचिका संख्या–310/2005, प्रोफेसर भीमसिंह बनाम यूनियन आफ इंडिया में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 05–09–2014 को पारित आदेश के अनुपालन में दिनांक 28–10–2014 तक कुल 10 विचाराधीन बंदियों को कारागार से मुक्त किया गया है।

प्रदेश के विभिन्न वर्गों के पदाधिकारियों द्वारा निजी वाहनों पर नीली बत्ती लगाये जाने को प्रतिबन्धित करना

67–श्री दीपक पटेल–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारियों के द्वारा अपने निजी वाहनों पर नीली बत्ती का प्रयोग किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या निजी वाहन पर नीली बत्ती लगाना नियमों के परिधि में आता है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार निजी वाहनों पर नीली बत्ती लगाये जाने पर प्रतिबन्ध लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

अधिसूचना संख्या–354/30–04–2014– 8(1)/13, दिनांक 10–03–2014 द्वारा नीली बत्ती की अनुमन्यता केवल शासकीय वाहनों पर प्रदान की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत जिला योजना के कार्य योजना में सामिल की गयी सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

68–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2014–15 के जिला योजना के कार्य योजना में सम्मिलित करने के लिये कुल 15 सड़कों के नवनिर्माण/पुनः निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ख 5 नं0–321898, दिनांक 19–7–2014 को चन्दौली आगमन पर उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला पंचायत इलाहाबाद द्वारा तहसील बारा में बालू मौरंग से कर वसूली का ठेका प्राप्त ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की जांच कराकर सुसंगत नियमों के तहत कार्यवाही की मांग

69–श्री दीपक पटेल–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला पंचायत इलाहाबाद द्वारा तहसील बारा में बालू, मौरंग से कर वसूली का ठेका जिस ठेकेदार को दिया गया है उस ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से कई गुना ज्यादा कर वसूली की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की जांच कराकर उसके विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी हां।

अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियंता, जिला पंचायत, इलाहाबाद द्वारा संयुक्त जांच की गयी। जांच में यह पाया गया कि ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। अवैध वसूली को बन्द कराने एवं सम्बन्धित ठेकेदार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही किये जाने हेतु जिला पंचायत, इलाहाबाद के पत्र सं0–626/तह0/2014–15, दिनांक 31–10–2014 द्वारा थानाध्यक्ष घूरपुर एवं लालापुर इलाहाबाद से अनुरोध किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के औद्योगिक क्षेत्र नैनी में स्थापित कई औद्योगिक इकाइयां बन्द होने से पुनः प्रारम्भ कराने की मांग

70–श्री दीपक पटेल–

क्या लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद इलाहाबाद के औद्योगिक क्षेत्र नैनी में स्थापित कई औद्योगिक इकाइयां बन्द हो गयी हैं या मृतप्राय हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उन इकाइयों को पुनः प्रारम्भ करवाने हेतु विशेष पैकेज देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री (श्री भगवत सरन गंगवार)–

जी हां।

जी नहीं।

शासनादेश संख्या–959–18–02–2004–77(44)/88, दिनांक 09 जून, 2004 के अन्तर्गत रूग्ण इकाइयों के पुनर्वासन हेतु व्यवस्था प्रतिपादित है। रूग्ण इकाइयां इस शासनादेश की व्यवस्था के तहत अनुतोष प्राप्त कर सकती हैं।

'71–श्री दीपक पटेल–

ख्नगर विकास–7 1ले सोमवार के अता0प्र0सं0–187 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद चन्दौली के मुगलसराय क्षेत्रान्तर्गत सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

72–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न चार सड़क मार्गों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या–ख 5 नं0–321303, दिनांक 19–8–2014 मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश में बाल श्रम पर रोक लगाकर उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर किये जाने की सरकार की योजना

73–श्री गुटियारी लाल दुवेश–

क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आगरा शहर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भारी तादात में बाल श्रमिकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्या सरकार बाल श्रम पर रोक लगाते हुये बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने हेतु कोई ठोस कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहिद मंजूर–

प्रदेश सरकार द्वारा बाल श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन अधिनियम) 1986 की धारा–3 में उल्लिखित व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में बाल श्रम नियोजन के पूर्णतः निषेध तथा अन्य में उनके नियोजन को कतिपय प्रतिबंधों के साथ लागू किये जाने हेतु नियमित निरीक्षणों/विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इन निरीक्षणों/अभियानों में चिन्हित बाल श्रमिकों का शैक्षिक पुनर्वासन व उनके परिवारों का आर्थिक पुनर्वासन एम0सी0 मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 10–12–1996 के अनुक्रम में किया जाता है।

प्रदेश के 10 जिलों में कन्डीशनल कैश ट्रान्सफर योजना के अन्तर्गत चिन्हित बाल श्रमिकों का शैक्षिक पुनर्वासन कराया जाता है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 46 जिलों में स्वीकृत राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के अन्तर्गत खतरनाक व्यवसायों/प्रक्रियाओं से चिन्हित किये

गये बाल श्रमिकों को कार्य से हटाकर विशेष बाल श्रमिक विद्यालयों में प्रवेशित कराया जाता है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा 13वें वित्त आयोग की धनराशि के विकास कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य मंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

74–श्री अनीसुर्ररहमान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला पंचायत मुरादाबाद द्वारा 13वें वित्त आयोग की धनराशि से विकास कराने विषयक मुख्य मंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का कार्यालय में दर्ज कम्प्यूटर सं0–पी0जी0–10492323/2014 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बती चिकित्सा पद्यति बोर्ड द्वारा फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग पदों की परीक्षा में बरती गयी अनियमितताओं के सम्बन्ध में मुख्य सचिव को सम्बोधित पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

75–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन को सम्बोधित, मा0 नेता विरोधी दल, विधान सभा, उ0 प्र0 का पत्र 2016/ने0वि0द0/2013, दिनांक 22–11–2013, जो कि अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड द्वारा फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग पद की प्रवेश परीक्षा में बरती गयी अनियमितताओं के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

उक्त पत्र में उल्लिखित शिकायतों की प्रारम्भिक जांच करने हेतु प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–2493/71–आयुष–01–14–194/98 दिनांक 16 जुलाई, 2014 द्वारा निदेशक, आयुर्वेद (पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन), उ0प्र0 लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी से जांच आख्या प्रतीक्षित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक रमिया बेहड़ के अन्तर्गत ग्राम चन्दपुरा से अभयपुर तक क्षतिग्रस्त मार्ग को डामरीकृत करने विषयक

76–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक रमिया बेहड़ के अन्तर्गत ग्राम चन्दपुरा से अभयपुर तक की सड़क में लगा खड़न्जा क्षतिग्रस्त हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वर्ष 2014–15 की कार्य योजना जिला पंचायत द्वारा दिनांक 15–07–2014 को अनुमोदित की जा चुकी है, जिसमें प्रश्नगत निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं है। प्रश्नगत निर्माण कार्य को जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा, जिसके निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक ईसानगर के अन्तर्गत ग्राम समैसा से खमरिया परसिया तक क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण कराने के सम्बन्ध में

76–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक ईसानगर के अन्तर्गत ग्राम समैसा से खमरिया परसिया तक की सड़क (ल0 लगभग 3.00 कि0मी0) अत्यन्त क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वर्ष 2014–15 की कार्य योजना जिला पंचायत द्वारा दिनांक 15–07–2014 को अनुमोदित की जा चुकी है, जिसमें प्रश्नगत निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं है। प्रश्नगत निर्माण कार्य को जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा, जिसके निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद जालौन के विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम पंचायत अर्जुनपुरा में बारातघर/मिलन केन्द्र बनाने की सरकार से मांग

78–श्री सन्तराम कुशवाहा–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम पंचायत अर्जुनपुरा में मिलन केन्द्र या बारात घर न होने के कारण नागरिकों को असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत में बारात घर या मिलन केन्द्र बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

पंचायती राज विभाग में बारात घर या मिलन केन्द्र बनवाने की कोई योजना संचालित नहीं है।

जनपद फिरोजाबाद में प्राचीन परम्परा कांच चूड़ी उद्योग में हस्तशिल्प एवं परम्परागत विधियों को विकसित करने हेतु तथा पर्यटन क्षेत्र से जोड़े जाने की योजना की जानकारी

79–श्री मनीष असीजा–

क्या लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में प्राचीन परम्परागत कांच चूड़ी उद्योग में हस्तशिल्प एवं अन्य परम्परागत विधियों द्वारा हस्तकौशल से निर्मित किये जाने वाले विभिन्न कांच उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को अधिक विकसित करने के लिये पर्यटन क्षेत्र (गतिविधियों) से जोड़ने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री भगवत सरन गंगवार–

जी नहीं।

क्योंकि स्थानीय स्तर से या इस सेक्टर से जुड़े उद्यमियों से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर के कतिपय गांवों में विद्युतीकरण कराने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र पर कार्यवाही की जानकारी

80–श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप–

क्या लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर के ग्राम पंचायत शिवपुर के मजरा बैरागीपुरवा, हलवाईपुरवा, अहिरनपुरवा में विद्युतीकरण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र के संदर्भ में मुख्य मंत्री सचिवालय का पत्र संख्या–सी0एम0/वि0को0/एम0/पी0जी0–10465937/2014, प्रमुख सचिव, लघु उद्योग उ0 प्र0 शासन लखनऊ को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री भगवत सरन गंगवार–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक धौरहरा के अन्तर्गत ग्राम बेहनन पुरवा मजरा गुदरिया को पक्की सड़क से जोड़े जाने विषयक

81–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक धौरहरा के अन्तर्गत ग्राम बेहनन पुरवा मजरा गुदरिया की आबादी लगभग 1000 (एक हजार) है, परन्तु उक्त ग्राम को अभी तक पक्की सड़क से नहीं जोड़ा गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वर्ष 2014–15 की कार्य योजना जिला पंचायत द्वारा दिनांक 15–07–2014 को अनुमोदित की जा चुकी है, जिसमें प्रश्नगत निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं है। प्रश्नगत निर्माण कार्य को जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा, जिसके निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद इलाहाबाद के मेडिकल कालेज में मानक के अनुरूप डाक्टर, स्टाफ एवं उपकरणों की व्यवस्था कराये जाने की मांग

82–श्री दीपक पटेल–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद इलाहाबाद में एक मात्र मेडिकल कालेज होने के कारण दर्जनों जनपदों के लोग वहां पर इलाज हेतु आते हैं परन्तु उक्त मेडिकल कालेज में मानक के अनुरूप डाक्टर, स्टाफ एवं उपकरणों की कमी होने के कारण मरीजों को अत्यन्त असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मेडिकल कालेज में मानक के अनुरूप डाक्टर, स्टाफ एवं उपकरणों को उपलब्ध करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

राजकीय मेडिकल कालेज, इलाहाबाद एवं इससे सम्बद्ध चिकित्सालयों के क्लीनिकल विभाग में चिकित्सकों के लगभग सभी पद भरे हुए हैं। नान–क्लीनिकल एवं पैरा क्लीनिकल के कुछ पद रिक्त हैं। शासनादेश संख्या–1526/71–01–2014–जी–383/2013, दिनांक 10–07–2014 द्वारा मेडिकल कालेज, इलाहाबाद हेतु चिकित्सा शिक्षकों के 54 पद एवं स्टाफ नर्स के 183 पद स्वीकृत किये गये हैं। उक्त पदों के सापेक्ष लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद की परिधि के अन्तर्गत आने वाले पदों यथा प्रवक्ता, एनाटमी, पैथोलाजी, पीडियाट्रिक्स आदि के चयन हेतु

अधियाचन मा0 लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद को भेज दिया गया है। स्टाफ नर्स के पदों को आउट सोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 द्वारा विज्ञापन निकालकर कार्यवाही की जा रही है।

उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 में रू0 3.5 करोड़ का प्राविधान तथा वित्तीय वर्ष 2014–15 में एम0आर0आई0, सी0टी0 स्कैन एवं अन्य उपकरणों के क्रय हेतु रू0 8.273 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़ागांव के अन्तर्गत ग्राम सभा मुहम्मदाबाद सिपाह में बालचन्द के घर से निषाद बस्ती तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराया जाना

83–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभा मुहम्मदाबाद सिपाह में बालचन्द के घर से निषाद बस्ती होते हुए मादी सिपाह चिऊंटीडाड तक (ल0 लगभग 1.5 कि0मी0) की क्षतिग्रस्त सड़क का जनहित में लेपन कार्य कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है एवं न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

84 व 85–डा0 मो0 अयूब–

ख्एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के कारण निरस्त,

जनपद चन्दौली से मुगलसराय विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत धोबी समाज के जीविकोपार्जन के लिए पक्का धोबीघाट तैयार किया जाना

86–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत धोबी समाज के जीविकोपार्जन के लिये कटेशर ग्राम सभा, विकास खण्ड नियामताबाद में पक्का धोबी घाट बनाये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थीगणों एवं अध्यक्ष धोबी समाज के प्रार्थना–पत्र के साथ प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ग 5 नं0–104176 मुख्य विकास अधिकारी, जनपद चन्दौली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

प्रश्नगत कार्य जिला पंचायत, चन्दौली की बोर्ड द्वारा अनुमोदित नहीं है। इसलिए कार्य को कराया जाना सम्भव नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गोरखपुर में करोड़ों रूपये प्रतिमाह के ए0पी0एल0 नियमित योजना के अन्तर्गत गेहूं की खरीद में हो रही कालाबाजारी को रोकने हेतु शिकायती पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

87–श्री जय प्रकाश निषाद–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गोरखपुर में करोड़ों रुपये प्रतिमाह के ए0पी0एल0 नियमित योजना के खाद्यान्न गेहूं की भारी मात्रा में की जा रही कालाबाजारी एवं घोटाले की जांच विशेष टास्क फोर्स से कराने एवं इस कारोबार में लिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने विषयक मा0 राजमती निषाद, स0वि0स0 का पत्र दिनांक 22 अक्टूबर, 2014 प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद उ0 प्र0 शासन को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी नहीं।

मा0 सदस्य विधान सभा श्रीमती राजमती निषाद का शिकायती–पत्र दिनांक 22 अक्टूबर, 2014 प्राप्त नहीं हुआ है, बल्कि आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग को सम्बोधित शिकायती पत्र दिनांक 22 अक्टूबर, 2013 प्राप्त हुआ है।

उक्त शिकायती पत्र पर जांच पुलिस उपमहानिरीक्षक, खाद्य प्रकोष्ठ उ0प्र0 लखनऊ से करायी गयी। जांच में पाया गया कि मा0 सदस्य विधान सभा श्रीमती राजमती निषाद द्वारा इस प्रकार का कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। मा0 सदस्य विधान सभा द्वारा लिखित रूप में अवगत कराया गया है कि जनपद गोरखपुर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में ए0पी0एल0 गेहूं का आवंटन कर उसका समुचित वितरण कराया जा रहा है तथा यदि उनके लेटर पैड एवं हस्ताक्षर से इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त हुई है, तो वह फर्जी है और उस पर किसी कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

गोरखपुर में जिला जेल के सामने से गुजरने वाली सड़क से अनधिकृत कब्जा हटाने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

88–डा0 राधा मोहन दास अग्रवाल–

क्या कारागार मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गोरखपुर जिला जेल के सामने से गुजरने वाली सड़क पर से अनाधिकृत कब्जा हटाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या–ख–5/308382, दिनांक 22–09–2014, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो इस संदर्भ में कृत कार्यवाही का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री बलराम यादव–

जी हां।

जेल परिसर घोषित निषिद्ध क्षेत्र है। अतः प्रश्नगत मार्ग से केवल दो पहिया वाहन, रिक्शा/पैदल जाने की सुविधा है। कारागार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बैरियर लगाकर चेकिंग की जाती है, ताकि अराजक/आपराधिक तत्वों का अनाधिकृत प्रवेश रोका जा सके। उक्त मार्ग को चार पहिया वाहनों के लिए खोल दिये जाने से कारागार एवं कारागार अधिकारियों/कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली में नदियों के किनारे हो रहे शवदाह का अन्यत्र स्थानान्तरित करने विषयक

89–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली में नदियों के किनारे शव दाह क्रिया के उत्पन्न प्रदूषण को रोकने के लिये सरकार वहां पर शव दाह स्थल का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्नगत निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत के पास धनराशि उपलब्ध नहीं है एवं न ही इस हेतु कोई प्रस्ताव पारित है।

'90–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

ख्नगर विकास 1ले सोमवार के अता0प्र0सं0–181 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जिला अस्पताल फिरोजाबाद की खाली पड़ी निष्प्रयोज्य विशाल भूमि पर मेडिकल खोले जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की मांग

91–श्री मनीष असीजा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला अस्पताल फिरोजाबाद की खाली पड़ी निष्प्रयोज्य विशाल भूमि पर मेडिकल कालेज खोलने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां। भारत सरकार की योजनान्तर्गत जिला चिकित्सालय फिरोजाबाद को उच्चीकृत करके मेडिकल कालेज स्थापित किये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गोरखपुर के चौरी–चौरा क्षेत्र में मझने नाले पर स्थित शमशान घाटों को छायादार बनाये जाने की मांग

92–श्री जय प्रकाश निषाद–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र चौरी–चौरा में मझने नाले के किनारे 5–6 स्थलों पर स्थित शमशान

घाटों पर बरसात के दिनों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त शमशान घाटों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी हां।

शासनादेश सं0–2105/33–03–2014–100(21)/2014 दिनांक 02–09–2014 के द्वारा अन्त्येष्टि स्थलों के विकास हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश जारी हुआ है। जिसके प्रस्तर–6.4 के अन्तर्गत गठित चयन समिति के माध्यम से अन्त्येष्टि स्थलों का चयन कराकर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

जनपद गोरखपुर के चौरी–चौरा क्षेत्र के अन्तर्गत अधूरे पड़े पंचायत भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में

93–श्री जय प्रकाश निषाद–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गोरखपुर में विधान सभा क्षेत्र चौरी–चौरा के अन्तर्गत कितने ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है तथा कितने पंचायत भवन अधूरे पड़े हैं ? क्या सरकार अधूरे पंचायत भवनों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां, जनपद गोरखपुर के विधान सभा क्षेत्र चौरी–चौरा के अन्तर्गत 102 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है तथा कोई पंचायत भवन अधूरा नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

94–श्री बब्बन सिंह चौहान–

ख्ग्राम्य विकास 1ले मंगलवार के अता0प्र0सं0–169 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद मऊ के मधुबन क्षेत्र के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभाओं की क्षतिग्रस्त सड़कों को डामरीकरण कराने की मांग

95–श्री उमेश पाण्डेय–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मधुबन के ब्लाक बड़रांव के अन्तर्गत ग्राम सभा ऊसरी बुजुर्ग से चकिया होते हुए झोटपुर तक तथा ग्राम सभा ऊसरी खुर्द चट्टी से लौकौली कुम्हारी तक

क्षतिग्रस्त सड़क का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग का निर्माण जिला पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है एवं न ही जिला पंचायत द्वारा अनुमोदित है।

जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर में सड़कों के निर्माण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता के मुख्य मंत्री कार्यालय में दिया गया पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

96–श्री मुकेश श्रीवास्तव उर्फ ज्ञानेन्द्र प्रताप–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर में सड़कों के निर्माण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र के संदर्भ में मुख्य मंत्री सचिवालय का पत्र संख्या–सी0एम0/वि0को0/एम/पी0जी0–10499642/2014 प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

जिला लखीमपुर खीरी की तहसील धौरहरा में ग्राम सरसवा चौराहे से बेतवा होते हुए सरगड़ा तक क्षतिग्रस्त सड़क का डामरीकरण कराया जाना

97–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला लखीमपुर खीरी की तहसील धौरहरा में ग्राम सरसवा चौराहे से बेलवा होते हुए सरगड़ा तक सड़क अत्यन्त क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त सड़क की मरम्मत/पुनः निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वर्ष 2014–15 की कार्य योजना जिला पंचायत द्वारा दिनांक 15–07–2014 को अनुमोदित की जा चुकी है, जिसमें प्रश्नगत निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं है। प्रश्नगत निर्माण कार्य को जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा, जिसके निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जिला लखीमपुर खीरी के विकास खण्ड धौरहरा के कतिपय ग्रामों के क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाना

98–श्री शमशेर बहादुर उर्फ शेरू भैय्या–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला लखीमपुर खीरी के विकास खण्ड धौरहरा में ग्राम अमेठी सेडिहुआ होते हुए धौरहरा से डिहुआपहडियापुर तथा लालजीपुरवा से रामनगर लहबड़ी होते हुए हौकना मटेरा तक की सड़क अत्यन्त क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त सड़क की मरम्मत/पुनः निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वर्ष 2014–15 की कार्य योजना जिला पंचायत द्वारा दिनांक 15–07–2014 को अनुमोदित की जा चुकी है, जिसमें प्रश्नगत निर्माण कार्य सम्मिलित नहीं है। प्रश्नगत निर्माण कार्य को जिला पंचायत की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु रखा जायेगा, जिसके निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

'99 व 100–श्री लोकेश दीक्षित–

ख्ग्राम्य विकास 1ले मंगलवार के अता0प्र0सं0–170 व 171 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गांव देवरौठा नं0–1 व देव रौठा नं0–2 में नाला व नाली चोक होने के कारण गलियों में जल भराव रोकने हेतु नाला व नाली की सफाई कराया जाना

101–श्री काली चरन सुमन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के 90 आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव देवरौठा नं0 1 व देवरौठा नं0 2 में नाला व नाली चोक होने से गलियों में जलभराव होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नाला व नाली की सफाई कराते हुए उसका निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी हां। ग्राम देवरौठा नं0 1 एवं नं0 2 में नाली की सफाई कराकर जल निकासी की व्यवस्था करा दी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कतिपय गांवों की सड़कों में हो गये गड्ढों को पाटकर क्षतिग्रस्त सड़क को निर्मित किये जाने विषयक

102–श्री काली चरन सुमन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव नगला जऊपुरा से लखनपुर 125 फीट रोड तक सड़क में जगह–जगह गहरे गड्ढे हो जाने से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए जिला पंचायत की बोर्ड द्वारा तेरहवें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की कार्य योजना पहले ही पारित की जा चुकी है। बोर्ड द्वारा पारित कार्य योजना में प्रश्नगत कार्य सम्मिलित नहीं हैं।

जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड डुमरियागंज के राजस्व ग्राम मिश्रौलिया व एकघरवा ग्राम पंचायत हल्लौर से अलग करके मिश्रौलिया एवं एकघरवा को मिलाकर नयी ग्राम पंचायत का गठन करने सम्बन्धित प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

103–श्री कमाल युसुफ मलिक–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड डुमरियागंज के राजस्व ग्राम मिश्रौलिया व एकघरवा ग्राम पंचायत हल्लौर से अलग करके मिश्रौलिया एवं एकघरवा को मिलाकर एक नयी ग्राम पंचायत के गठन विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 19–09–2013 के सम्बन्ध में निदेशक, पंचायती राज उ0 प्र0 का पत्रांक सं0–04/शा0/ 526/2013–4/291/1995, दिनांक 03–10–2013 जो जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर को प्रेषित किया गया था, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

मा0 सदस्य, विधान सभा के सन्दर्भित पत्र दिनांक 19–09–2013 के साथ ग्राम पंचायत–हल्लौर, विकास खण्ड–डुमरियागंज के निवासियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र में मात्र 25 व्यक्तियों के हस्ताक्षर हैं, जबकि उ0प्र0 पंचायत राज नियमावली के नियम–3(क) के अनुसार ग्राम सभा की सीमा परिवर्तन के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर यथाशीघ्र निदेशक, पंचायती राज को भेजे जाने की व्यवस्था है तथा नियम–3(ख) के अनुसार किसी ग्राम की सीमा में परिवर्तन के सम्बन्ध में 50 या अधिक व्यक्तियों के हस्ताक्षर सुझाव हेतु प्राप्त होने आवश्यक हैं।

मा0 सदस्य, विधान सभा के सन्दर्भित पत्र दिनांक 19–09–2013 के साथ प्राप्त ग्राम सभा निवासियों के प्रार्थना–पत्र को खण्ड विकास अधिकारी, डुमरियागंज को

आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था, जिसके क्रम में ग्राम पंचायत–हल्लौर के खुली बैठक दिनांक 07–07–2014 में राजस्व ग्राम–एकघरवा व मिश्रौलिया को मिलाकर एक नयी ग्राम पंचायत बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के सर्वाधिक आबादी वाले जिले में एम्स सुविधायुक्त अस्पताल के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में

104–श्री दीपक पटेल–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सुविधा विहीन गरीब मरीजों हेतु एक सर्व सुविधायुक्त (एम्स) अस्पताल की स्थापना की आवश्यकता है ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रदेश की सर्वाधिक आबादी वाले जनपद इलाहाबाद में उक्त अस्पताल की स्थापना कराये जाने हेतु सरकार से अनुरोध करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

प्रदेश के पूर्वांचल, बुन्देलखण्ड तथा रूहेलखण्ड क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के स्तर का उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान स्थापित करने के सम्बन्ध में अर्द्ध0शा0प0सं0–1611/71–02–2012–30/12, दिनांक 17 मई, 2012 द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। भारत सरकार में पूर्वांचल में एम्स स्थापित किये जाने का प्रकरण विचाराधीन है। जनपद–इलाहाबाद में मरीजों की सुविधा हेतु मोतीलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कालेज, इलाहाबाद को भारत सरकार की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत उच्चीकृत किये जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती के रूधौली क्षेत्रान्तर्गत रामनगर ब्लाक के ग्राम खोरिया में सफाई कर्मी की तैनाती कराने के सम्बन्ध में

105–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा रूधौली के रामनगर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम खोरिया में सफाई कर्मी न होने से नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर गन्दगी व्याप्त हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम खोरिया में सफाई कर्मी की नियुक्ति पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

जी हां। जिला पंचायतराज अधिकारी, बस्ती के आदेश दिनांक 29–09–2014 द्वारा श्री राम किशुन सफाई कर्मी की तैनाती कर दी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा के 20, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गांव देवरौठा में नाला व नाली चोक होने से हो रहे जलभराव के देखते हुए नाला व नाली की सफाई कराने विषयक

106–श्री काली चरन सुमन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव देवरौठा में नाला व नाली चोक व बन्द होने से गांव की गलियों में जल भराव होने के कारण लोगों को आने–जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बन्द पड़े नाला व नाली की सफाई करते हुए जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी हां।

ग्राम देवरौठा में नाला व नाली की सफाई कराकर जल निकासी करा दी गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद आगरा के 90, आगरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कलवारी विकास गंज मुखतियार मुस्लिम बस्ती में जल भराव के कारण हो रही आवगमन की समस्या के निदान कराने के सम्बन्ध में

107–श्री काली चरन सुमन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कलवारी विकास गंज मुखतियार जो मुस्लिम वाली बस्ती में जगह–जगह जल भराव रहता है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार टूटा व क्षतिग्रस्त रास्ता पर सी0सी0 रोड व इण्टरलाक मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए जिला पंचायत की बोर्ड द्वारा तेरहवें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की कार्ययोजना पहले ही पारित की जा चुकी है। बोर्ड द्वारा पारित कार्ययोजना में प्रश्नगत कार्य सम्मिलित नहीं है।

जनपद सीतापुर में किसानों से धान क्रय करने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में धान क्रय केन्द्रों की स्थापना की जानकारी

108–श्री रामहेत भारती–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सीतापुर में किसानों से धान क्रय करने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में कितने धान क्रय केन्द्र किन–किन क्रय एजेन्सियों में स्थापित किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद में धान खरीद का लक्ष्य क्या है ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जनपद सीतापुर में किसानों से धान क्रय करने हेतु वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में कुल 35 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिनका विवरण निम्नवत् है :–

क्रम सं0	क्रय एजेन्सी का नाम	स्थापित क्रय केन्द्रों की संख्या
1	विपणन शाखा	05
2	पी0सी0एफ0	23
3	यू0पी0एस0एस0	03
4	एन0सी0सी0एफ0	03
5	भा0खा0नि0	01
	योग–	35

प्रश्न नहीं उठता।

खरीफ विपणन वर्ष 2014–15 में जनपद सीतापुर का धान खरीद का कार्यकारी लक्ष्य 50,000.00 मी0 टन है।

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2013–2014 में भूख मुक्ति व जीवन रक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि केन्द्र समर्पण का विवरण

109–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2013–14 में भूख मुक्ति व जीवन रक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत बी0पी0एल0 परिवारों की 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को दो–दो साड़ियां तथा वृद्धजन को एक–एक कम्बल दिये जाने के लिये प्रदेश सरकार के बजट में 600 करोड़ की व्यवस्था की गयी थी व इसके सापेक्ष चन्दौली जनपद को कितनी धनराशि प्राप्त हुयी थी तथा प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद चन्दौली में कितनी महिलायें एवं वृद्धजनों को कितनी–कितनी साड़ियां एवं कम्बल वितरित किये गये हैं, का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, जनपद चन्दौली को प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ख–5 नं0–321819 दिनांक 5–7–2014 प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

वित्तीय वर्ष 2013–14 में भूख मुक्ति व जीवन रक्षा गारन्टी योजना के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि समर्पित कर दी गयी। धनराशि समर्पित होने के कारण कोई अग्रतर कार्यवाही वांछित नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

110–श्री अली यूसुफ अली–

ख्नगर विकास 1ले सोमवार के अता0प्र0सं0–183 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

धान एवं गेहूं की फसल (खरीद) पर बोनस दिये जाने की राज्य सरकार की योजना

111–श्री सुरेश राणा–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश के किसानों की धान एवं गेहूं की फसल पर बोनस देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी नहीं। धान एवं गेहूं की फसल (खरीद) पर बोनस दिये जाने की राज्य सरकार की वर्तमान में कोई योजना नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती के क्षेत्रान्तर्गत रूधौली में वर्ष 2012 से सितम्बर, 2014 तक 132 सोलर लाइटें अधिकांश खराब हो जाने के कारण ठीक कराया जाना

112–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र रूधौली जनपद बस्ती में 2012 से सितम्बर, 2014 तक लगी 132 सोलर लाइटें जो नेडा विभाग बस्ती द्वारा लगायी गयी है, में से अधिकांश खराब हो गयी हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सोलर लाइटों को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

विधान सभा क्षेत्र रूधौली, जनपद बस्ती में वित्तीय वर्ष 2012–13 में कुल 136 सोलर स्ट्रीट लाइटें यूपीनेडा द्वारा अनुबन्धित फर्मो के माध्यम से लगायी गयी हैं। स्थापित लाइटों में से 133 लाइटें क्रियाशील हैं। 03 लाइटें जिसमें 01 संयंत्र की बैट्री चोरी होने 01 संयत्र का सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो जाने एवं 01 संयंत्र में लाभार्थी द्वारा अनाधिकृत रूप से इन्वर्टर संयोजित किये जाने के कारण कुल 03 लाइटें अक्रियाशील है।

सोलर स्ट्रीट लाइटों पर संयत्र स्थापनाकर्ता द्वारा 05 वर्ष की वारण्टी निर्धारित है। जिसके अन्तर्गत फर्म द्वारा अक्रियाशील संयत्रों को ठीक करने की कार्यवाही की जाती है। बैट्री चोरी होने, सोलर पैनल क्षतिग्रस्त अथवा लाभार्थी द्वारा संयत्र का गलत उपयोग किये जाने पर यदि संयत्र अक्रियाशील हो जाता है तो ऐसी स्थिति में संयत्र को क्रियाशील करने एवं उसके रखरखाव का उत्तरदायित्व लाभार्थी संस्था का होता है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती में वर्ष 2014 में पी0डी0एस0 खाद्यान्न के गोलमाल के मामले पकड़े जाने तथा वर्ष 2012 में परशुरामपुर पी0डी0एस0 गोदाम में करोड़ों का खाद्यान्न गायब होने के प्रकरण में करायी गई जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जानकारी

113–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में वर्ष 2014 में पी0डी0एस0 खाद्यान्न के गोलमाल के मामले पकड़े गये थे जबकि वर्ष 2012 मे परशुरामपुर पी0डी0एस0 गोदाम से करोड़ों रुपये का खाद्यान्न गायब पाया गया था जिसकी जांच विभाग द्वारा कराई गई थी ? यदि हां, तो जांच में पाये गये दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी हां। दिनांक 25–04–2014 को अवैध रूप से ग्राम–तुरकौलिया, विकास खण्ड–बनकटी, जनपद बस्ती में भण्डारित किये गये सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न 240 बोरी गेहूं व 961 बोरी चावल अधिगृहीत करके दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा–3/7 के अन्तर्गत थाना–मुण्डेरवा में दिनांक 26–04–2014 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया है, जिसकी कार्यवाही मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

हाट गोदाम परशुरामपुर के निरीक्षण के समय गोदाम में 5149 बोरी गेहूं, 3692 बोरी चावल एवं 974 बोरी चीनी कम पाये जाने के कारण दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–377 के अन्तर्गत थाना–परशुरामपुर में दिनांक 25–10–2012 को विपणन निरीक्षक, परशुरामपुर द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया है, जिसकी कार्यवाही मा0 न्यायालय में विचाराधीन है। सम्बन्धित गोदाम प्रभारी के विरुद्ध सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बस्ती सम्भाग, बस्ती द्वारा निलम्बन की कार्यवाही की गयी है।

जनपद शाहजहांपुर के क्षेत्रान्तर्गत तिलहर के ग्राम काला बोझ एवजपुर एवं ग्राम संतोषपुर झवाना के मध्य मक्सी नाला पर एक बड़ी पुलिया का निर्माण कराया जाना

114–श्री रोशन लाल वर्मा–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर अन्तर्गत ग्राम काला बोझ एवजपुर एवं ग्राम संतोषपुर झवाना के मध्य भक्सी नाला पर जनहित में क्या सरकार एक बड़ी पुलिया का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत पुलिया के निर्माण के सम्बन्ध में जिला पंचायत में कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ है। इस कारण प्रश्नगत पुलिया का निर्माण जिला पंचायत द्वारा कराया जाना सम्भव नहीं है।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम गोहानपुर परसौला से ईश्वरा तक क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराने के सम्बन्ध में

115—श्री रोशन लाल वर्मा—

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम मोहनपुर परसैला से ईश्वरा तक की क्षतिग्रस्त सड़क का लेपन कार्य सरकार द्वारा जनहित में कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश—

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

उक्त मार्ग जिला पंचायत के स्वामित्व में नहीं है और न ही जिला पंचायत की बैठक में उक्त मार्ग के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव पारित हुआ।

जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम काला बोझ एवजपुर से ग्राम संतोषपुर झवाना के मध्य क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराया जाना

116—श्री रोशन लाल वर्मा—

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम काला बोझ एवजपुर एवं ग्राम संतोषपुर झवाना के मध्य की क्षतिग्रस्त सड़क का लेपन कार्य सरकार द्वारा जनहित में कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश—

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग जिला पंचायत के स्वामित्व में नहीं है और न ही जिला पंचायत की बैठक में उक्त मार्ग के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव पारित हुआ है।

जनपद शाहजहांपुर के विधन सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम बाजपुर कुम्रिखा से पिपरी तक क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण कराये जाने विषयक

117—श्री रोशन लाल वर्मा—

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र तिलहर के अन्तर्गत ग्राम बाजपुर कुम्रिखा से पिपरी तक की क्षतिग्रस्त सड़क का लेपन कार्य सरकार द्वारा जनहित में कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश—

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग जिला पंचायत के स्वामित्व में नहीं है और न ही जिला पंचायत की बैठक में उक्त मार्ग के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित हुआ है।

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा में सरकारी सेवा में रहते प्रतिबन्ध के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे डाक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

118–श्री मनीष असीजा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा में ऐसे कितने चिकित्साधिकारी/प्रोफेसर हैं, जो सरकारी सेवा में रहते हुये प्रतिबन्ध के बावजूद भी प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार प्राइवेट प्रैक्टिसनरों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

मेडिकल कालेज, आगरा में कार्यरत किसी भी सरकारी चिकित्सा शिक्षक द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने की कोई शिकायत शासन स्तर पर प्राप्त नहीं हुई है।

प्रदेश में स्थित समस्त राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों के चिकित्सा शिक्षकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर नियंत्रण एवं निरीक्षण के लिए जांच हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या–2362/ 71–1–14–रिट–59/14, दिनांक 29–08–2014 द्वारा एक समिति का गठन किया गया है।

प्रश्न नहीं उठता।

119–श्री जय प्रकाश निषाद–

ख्अल्पसंख्यक कल्याण 1ले सोमवार के अता0प्र0सं0–184 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सभा गढ़िया व ग्राम सभा सतपोखरी वि0ख0 नियामताबाद में जल निकासी हेतु नाला बनाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र

120–श्री बब्बन सिंह चौहान–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा मढिया व ग्राम सभा सतपोखरी वि0ख0 नियामताबाद में जल निकासी हेतु नाला बनवाने के लिये जिला योजना की बैठक में उक्त के सम्बन्ध में कार्य योजना बनवाने के लिये प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–ख–5 नं0–321875 दिनांक 19–7–14 जनपद के प्रभारी मंत्री व मा0 पंचायती राज मंत्री को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

आपातकाल के दौरान राजनैतिक बंदियों/लोकतंत्र सेनानियों के उनके सहयोगी सहित उ0प्र0 परिवहन निगम की बसों में (प्लेटिनम लाइन/बाल्वो) में निःशुल्क यात्रा सुविधा की मांग

121–श्री योगेन्द्र उपाध्याय–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि देश में आपातकालीन अवधि (दिनांक 25–6–1975 से 21–3–1977 तक) मीसा/डी0आई0आर0 में कारागार में निरुद्ध रहे प्रदेश के राजनैतिक बंदियों/लोकतंत्र सेनानियों को परिवहन निगम की प्लेटिनम लाइन/बोल्वो बस सेवाओं में भी अपने एक सहयोगी के साथ निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी नहीं।

परिवहन विभाग के शासनादेश संख्या–832/30–2–2012–2(7)2006, दिनांक–31–08–2012 में निहित प्राविधानानुसार आपातकाल के दौरान राजनैतिक बंदियों/लोकतन्त्र सेनानियों को उनके एक सहयोगी सहित उ0प्र0 परिवहन निगम की बसों में (प्लेटिनम लाइन/बोल्वो सेवाओं को छोड़कर) निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है।

गृह (सामान्य) अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–1234जेड/6–सा–1–2012–26जी/2012, दिनांक 31–12–2012 के अनुसार राजनैतिक बंदियों/लोकतंत्र सेनानियों को उ0प्र0 परिवहन निगम की प्लेटिनम लाइन/बोल्वो बसों में निःशुल्क बस यात्रा अनुमान्य नहीं है।

जनपद मथुरा सदर तथा तहसील महावन में बालू खनन तथा मिट्टी खनन में हो रही अनियमितता रोकने हेतु प्रश्नकर्ता का मुख्य मंत्री को पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

122–श्री पूरन प्रकाश–

क्या भूतत्व एवं खनिकर्म मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र पर मुख्य मंत्री कार्यालय के पत्रांक–सी0एम0/वि0को0/एम0पी0जी0–10475147/2014, दिनांक 9–7–14 जो जनपद मथुरा सदर तथा तहसील महावन में बालू खनन तथा मिट्टी खनन में हो रही अनियमितता के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति–

जी नहीं। प्रश्नगत पत्र जिलाधिकारी, मथुरा को प्राप्त हुआ है।

प्रकरण की उप जिलाधिकारी, सदर व उप जिलाधिकारी, महावन जनपद–मथुरा से जांच करायी गयी। जांच में अवगत कराया गया है कि किसी भी क्षेत्र में कोई अवैध खनन नहीं हो रहा है। परिवहन कर्ताओं द्वारा उपखनिजों के परिवहन में अनियमितता बरतने की स्थिति में तहसील सदर में 36 वाहन तथा तहसील–महावन में 19 वाहन

अवरुद्ध किये गये हैं, जिनसे शमन शुल्क के रूप में रु0 14,01,901,00 की धनराशि वसूल की गयी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2012–2013 तथा 2013–2014 में अन्त्योदय, बी0पी0एल0, ए0पी0एल0 राशन कार्डो को बनाने हेतु प्रश्नकर्ता के पत्र पर हुई कार्यवाही की जानकारी

123–डा0 अरुण कुमार–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 में अन्त्योदय बी0पी0एल0, ए0पी0एल0 राशन कार्डों के बनाये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0–क–5 नं0–270513 दिनांक 19–9–14 जिलापूर्ति अधिकारी, जनपद बरेली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

मा0 सदस्य विधान सभा का पत्रांक रहित पत्र दिनांक 19–09–2014 प्राप्त हुआ है, जिसमें बरेली में वित्तीय वर्ष 2012–13 में अन्त्योदय, बी0पी0एल0 व ए0पी0एल0 योजना में प्रचलित राशन कार्डों तथा वर्ष 2013–14 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में जारी किये गये गये नये अन्त्योदय, बी0पी0एल0 व ए0पी0एल0 राशनकार्ड के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी चाही गयी है।

वर्ष 2012–13 में महानगर बरेली में बी0पी0एल0 योजना के 5501, अन्त्योदय योजना के 2046 तथा ए0पी0एल0 योजना के 266812 राशनकार्ड प्रचलित थे। वर्ष 2013–14 में अपात्रों के स्थान पर 68 बी0पी0एल0 एवं 17 अन्त्योदय के नये राशनकार्ड पात्र परिवारों को तथा 762 ए0पी0एल0 योजना के नये राशनकार्ड जारी किये गये।

वर्तमान समय में ऑनलाइन राशनकार्ड जारी किये जाने हेतु ऑनलाइन साफ्टवेयर के माध्यम से डाटा फीडिंग का कार्य चल रहा है। फीडिंग हुए कार्ड ऑनलाइन अपडेट हो जाने पर राशनकार्डों का प्रिन्ट प्राप्त कर कार्डधारकों को उपलब्ध कराया जायेगा।

इस सम्बन्ध में वॉछित सूचना पत्र दिनांक 01–11–2014 द्वारा मा0 सदस्य विधान सभा को अवगत कराने हेतु प्रेषित की जा चुकी है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद फैजाबाद में कामाख्या मन्दिर सैदपुर लोहटी, रूदौली होते हुए फैजाबाद तक परिवहन सेवा रद्द होने के कारण पुनः चालू कराया जाना

124–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सीमान्त यात्रियों को जनपद मुख्यालय तक पहुंचाने के लिये रूदौली, जनपद फैजाबाद कामाख्या मंदिर से परिवहन निगम की बस सेवा वर्तमान में बन्द कर दी गयी है ? यदि हां, तो कामाख्या मंदिर से सैदपुर, लोहटी, रूदौली होते हुए फैजाबाद तक की परिवहन सेवा व्यवस्था पूर्व की भांति कब तक चालू की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

फैजाबाद से कामाख्या भवानी मन्दिर तक निगम की एक बस सेवा का संचालन दिनांक 04–11–2014 से प्रारम्भ कर दिया गया है।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2013–14 में गेहूं तथा धान की खरीद के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र पर की गई कार्यवाही की जानकारी

125–डा0 अरुण कुमार

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2013–14 में गेहूं तथा धान की खरीद विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या–क–5 नं0–270512 दिनांक 19–9–14 जिलापूर्ति अधिकारी, बरेली को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी हां।

उक्त पत्र में वांछित सूचना मा0 विधायक को जिला खाद्य विपणन अधिकारी, बरेली के पत्र दिनांक 01–11–2014 द्वारा उपलब्ध करा दी गई है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के करछना क्षेत्रान्तर्गत गंगा नदी के किनारे बने शमशान घाटों का सुन्दरीकरण कराने विषयक

126–श्री दीपक पटेल–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद इलाहाबाद के विधान सभा क्षेत्र करछना के अन्तर्गत गंगा नदी के किनारे बने शमशान घाटों मनैया, लवायन, अरैल, डीहा का सुन्दरीकरण कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद में पंचायत राज विभाग में गंगा नदी के किनारे बने शमशान घाटों–मनैया, लवायन, अरैल, डीहा का सुन्दरीकरण हेतु कोई योजना संचालित नहीं है।

जनपद आगरा के खेरागढ़ के सैंया ब्लाक के गांवों में आबादी वाली सड़क पर हो रहे जलभराव को रोके जाने हेतु क्षतिग्रस्त सड़क पर इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 रोड तैयार कराने विषयक

127–श्री भगवान सिंह कुशवाहा–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के विधान सभा क्षेत्र खेरागढ़ के सैंया ब्लाक के गांव छक्की की गढ़ी के आबादी भाग वाली सड़क पर पानी का भराव रहने के कारण गांव वालों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव के आबादी भाग वाली सड़क पर इण्टरलॉकिंग या सी0सी0 रोड जिसकी लम्बाई लगभग 400 मीटर है बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए जिला पंचायत की बोर्ड द्वारा तेरहवें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की कार्ययोजना पहले ही पारित की जा चुकी है। बोर्ड द्वारा पारित कार्ययोजना में प्रश्नगत कार्य सम्मिलित नहीं है।

जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कतिपय गांवों की सड़कों पर हो रहे जल भराव के कारण उत्पन्न असुविधा के कारण सड़क का निर्माण कराने के सम्बन्ध में

128–श्री काली चरन सुमन–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा के 90, आगरा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगरा सवला (हिगोट खेडिया) मेन रोड से दाऊ दयाल पण्डित के घर से लेकर बस्ती तक मार्ग में पानी भराव व जगह–जगह गड्ढे हो जाने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का इण्टरलॉक या सी0सी0 निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए जिला पंचायत की बोर्ड द्वारा तेरहवें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की कार्य योजना पहले ही पारित की जा चुकी है। बोर्ड द्वारा पारित कार्य योजना में प्रश्नगत कार्य सम्मिलित नहीं है।

129–डा0 अरुण कुमार–

ख्ले बुधवार के अता0प्र0सं0–187 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के ट्रामा सेन्टर में बने बर्न वार्ड को वातानुकूलित किये जाने की मांग

130–प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के ट्रामा सेन्टर में सन् 2013–14 में बर्न के कितने मरीज भर्ती हुए ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त ट्रामा सेन्टर में वातानुकूलित बर्न वार्ड की समुचित व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार वातानुकूलित बर्न वार्ड बनवाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के ट्रामा सेन्टर में बर्न यूनिट नहीं है, इसलिए ट्रामा सेन्टर में बर्न के जो मरीज आते हैं, उन्हें प्राथमिक उपचार कर सिविल अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत बर्न वार्ड बनाये जाने पर सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया जायेगा। वर्तमान में समय सीमा इंगित किये जाने का अवसर नहीं है।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रदेश के बुनकरों के प्रति यूपिका कानपुर की अब तक बकायेदारी के भुगतान का प्रकरण

131–प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी–

क्या हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुनकरों के प्रति यूपिका कानपुर की अब तक कितनी बकायेदारी है ? क्या सरकार उक्त बकायेदारी का भुगतान करायेगी ? यदि हां, तो बकाये का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

वस्त्र उद्योग एवं रेशम उद्योग मंत्री (श्री शिव कुमार बेरिया)–

प्रदेश के बुनकरों के प्रति यूपिका कानपुर की अब तक कुल रु0 287.75 लाख बकायेदारी है।

यूपिका एक शीर्ष सहकारी समिति है, जो अपनी स्वयं की आय तथा स्रोतों से बुनकरों को समय–समय पर भुगतान करती है। यूपिका की बकायेदारी के भुगतान हेतु राज्य सरकार उत्तरदायी नहीं है। यूपिका से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2004–05 एवं उसके बाद के वर्षो में दीर्घकालीन ब्याज मुक्त ऋण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे गये हैं, किन्तु इस सहकारी संस्था की नेटवर्थ पाज़िटिव न होने के कारण किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिया जाना सम्भव नहीं हो पाया।

प्रश्न नहीं उठता।

यूपिका की बकायेदारी के भुगतान हेतु राज्य सरकार उत्तरदायी नहीं है।

राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, फैजाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की जांच कराकर कार्यवाही की मांग

132–श्री रामचन्द्र यादव–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, फैजाबाद में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के सम्बन्ध में दिसम्बर, 2013 में प्रेषित

जिलाधिकारी, फैजाबाद की जांच रिपोर्ट क्या है एवं उस पर अब तक क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, फैजाबाद के प्राचार्य के विरुद्ध की गयी शिकायतों की जांच जिलाधिकारी, फैजाबाद द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), फैजाबाद से करायी गयी। शिकायतों की जांच नगर मजिस्ट्रेट, फैजाबाद द्वारा की गयी, जिसमें कतिपय शिकायतें सत्य पाते हुए जांच के दौरान वांछित अभिलेखों के उपलब्ध न हो पाने एवं अभिलेखों के रख–रखाव सम्बन्धी कार्यो में विसंगतियों के सम्बन्ध में विभागीय स्तर से जांच कराये जाने की संस्तुति की गयी। प्राचार्य, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, फैजाबाद के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0 लखनऊ से भी करायी गयी, जिसमें प्राचार्य के विरुद्ध की गयी कोई शिकायतें सिद्ध नहीं पायी गयीं।

अतः जिलाधिकारी, फैजाबाद तथा निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा की गयी प्रारम्भिक जांचें परस्पर विरोधाभाषी होने के दृष्टिगत शासन स्तर से श्री सुभाष चन्द्र राय, विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन से प्रारम्भिक जांच करायी गयी, जिसमें शिकायतें प्रमाणित/तथ्यात्मक नहीं पायी गयीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली के ब्लाक रामनगर के पकरी गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत दुकान का चयन किये जाने का प्रकरण

133–श्री संजय प्रताप जयसवाल–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली के ब्लाक रामनगर के पकरी गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत दुकान का चयन नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त ग्राम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान का कब तक चयन कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रूधौली के ब्लाक रामनगर के पकरी गांव में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत दुकान का चयन अभी तक नहीं हो सका है।

उक्त गांव में संचालित उचित दर दुकान के आवंटी द्वारा दिनांक 16–09–2013 को त्याग पत्र दे दिये जाने के कारण उक्त रिक्ति के सापेक्ष ग्राम पंचायत की खुली बैठक कराकर नये विक्रेता के चयन का प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु उप जिलाधिकारी, भानपुर द्वारा दिनांक 18–11–2013 को खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर को निर्देशित किया गया था। प्रस्ताव प्राप्त न होने पर उप जिलाधिकारी, भानपुर द्वारा दिनांक 04–10–2014 को पुनः खण्ड विकास अधिकारी को वांछित कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इस प्रकार उक्त गांव में उचित दर की दुकान आवंटित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के ग्राम शाहजी का पूरा विकास खण्ड चाका के कोटेदार द्वारा की जा रही अनियमितता की जांच कराने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

134–श्री दीपक पटेल–

क्या खाद्य एवं रसद मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम शाहजी का पूरा विकास खण्ड चाका के कोटेदार द्वारा की जा रही अनियमितताओं की जांच कराने के सन्दर्भ में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 19–9–2014 जिलाधिकारी, इलाहाबाद को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रघुराज प्रताप सिंह–

जी हां।

शिकायत की जांच पूर्ति निरीक्षक करछना के माध्यम से करायी गयी। जांच में विक्रेता को प्रथम दृष्टया आवश्यक वस्तुओं का निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिये जाने का दोषी पाया गया। उक्त अनियमितता हेतु विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनियमितता के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर परीक्षणोपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

135–श्री सुल्तान बेग–

ख्ाले सोमवार के अता0प्र0सं0–185 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद बरेली के ग्राम दिवना ब्लाक व तहसील मीरगंज जनपद बरेली में चल रही अवैध नमकीन की फैक्ट्री को बन्द कराने हेतु दर्ज आपराधिक धाराओं की रिपोर्ट के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र कृत कार्यवाही की जानकारी

136–श्री सुल्तान बेग–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम दिवना ब्लाक व तहसील मीरगंज जनपद बरेली में चल रही अवैध नमकीन की फैक्ट्री को बन्द कराने तथा अपराधिक धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराने विषयक प्रश्नकर्ता के पत्र पर मुख्य मंत्री कार्यालय के कम्प्यूटर पर दर्ज संख्या–सी0एम0/वि0को0/ एम0/पी0जी0–10520748/ 2014, जो जिलाधिकारी, बरेली को प्रेषित है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

शिकायत की जांच हेतु उप जिलाधिकारी, मीरगंज, जनपद बरेली के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उक्त नमकीन फैक्ट्री का निरीक्षण दिनांक 09–10–2014 को किया गया। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में नमकीन के निर्माण का कार्य नहीं हो रहा था। मौके

पर संग्रहीत बूंदी तथा रिफाइण्ड पामोलीन आयल के नमूने लिये गये, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजा गया है। दिनांक 11–11–2014 को पुनः निरीक्षण के समय भी उक्त फैक्ट्री बन्द पायी गयी।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद अलीगढ़ के हरदुआगंज रेलवे स्टेशन से क्लिकर की जा रही ओवर लोडिंग वाहनों की रोकथाम किये जाने के सम्बन्ध में

137–श्री दलवीर सिंह–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ के हरदुआगंज रेलवे स्टेशन से क्लिकर की ओवर लोडिंग में वर्ष 2012–13, 2013–14, 2014–15 में माहवार अब तक कितने ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार की जानकारी में है कि वर्तमान में भी उक्त स्थान से खुलेआम ओवर लोडिंग जारी है ? यदि हां, तो उक्त ओवर लोडिंग पर कब तक पूर्ण रूप से रोक लगा दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जनपद अलीगढ़ के हरदुआगंज रेलवे स्टेशन से क्लिकर की ओवर लोडिंग में वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 में माहवार ओवरलोडिंग के विरुद्ध की गयी कार्यवाही का विवरण संलग्न[†] है।

जी नहीं।

ओवरलोडिंग पर पूर्णतः प्रतिबंध है। ओवर लोडिंग को रोके जाने हेतु नियमित प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जाती है।

प्रश्न नहीं उठता।

मथुरा शहर में स्थित उ0 प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के पुराने बस स्टैण्ड को एन0एच0–2 पर स्थित पराग डेरी परिसर के खाली भूमि पर शिफ्ट कराने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र की गई कार्यवाही की जानकारी

138–श्री प्रदीप माथुर–

क्या परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मथुरा शहर में स्थित उ0 प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के पुराने बस स्टैण्ड को एन0एच0–2 पर स्थित पराग डेरी परिसर में खाली भूमि पर शिफ्ट किये जाने विषयक मुख्य मंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 19 सितम्बर, 2014, उन्हें प्राप्त हुआ है ? क्या यह भी सही है कि उक्त बस स्टैण्ड को शिफ्ट किये जाने के लिये बजट वर्ष 2013–14 में रुपया 10.00 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया गया था जो व्यपगत हो गयी है ? यदि हां, तो क्या उक्त बस स्टैण्ड कब तक शिफ्ट कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री दुर्गा प्रसाद यादव–

जी नहीं। अपितु उक्त विषय पर मा0 सदस्य का मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन को संबोधित पत्र दिनांक 19 सितम्बर, 2014 प्राप्त हुआ है।

---

† ¼nsf[k;s uRFkh ^[k* vkxs i`"B 91&92 ij½

वित्तीय वर्ष 2013–14 में उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम में अंशपूंजी विनियोजन के मद में कुल रु0 10.00 करोड़ का प्राविधान किया गया था।

उक्त रु0 10.00 करोड़ में से जनपद मथुरा में वृन्दावन के बस स्टेशन के भवन निर्माण हेतु कुल रु0 3.4271 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी थी। इस प्रकार रु0 6,5729 करोड़ की धनराशि अवशेष बची थी, जो मथुरा शहर में स्थित पुराने बस स्टैण्ड को शिफ्ट किये जाने हेतु दुग्ध विकास विभाग से भूमि प्राप्त न हो पाने एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2014 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण समर्पित हो गयी।

एन0एच0–2 पर स्थित पराग डेरी परिसर स्थित भूमि परिवहन निगम को प्राप्त न हो पाने के कारण उक्त बस स्टैण्ड को शिफ्ट किया जाना सम्भव नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद रामपुर के चमरौव्वा क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड सैदनगर में ग्राम व थाना आजीम नगर से ग्राम नगलिया होते हुए ग्राम खण्डिया के चौराहे तक की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराया जाना

139–श्री अली यूसूफ अली–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र चमरौव्वा, जनपद रामपुर के विकास खण्ड सैदनगर में ग्राम व थाना आजीम नगर से ग्राम नगलिया होते हुए ग्राम खण्डिया के चौराहे तक डामर रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसके कारण उक्त रास्ता पूरी तरह राहगीरों के लिये बन्द हो चुका है ? यदि हां, तो सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश–

सूचना एकत्र की जा रही है।

जनपद रामपुर के चमरौव्वा क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड चमरौव्वा के ग्राम भमरौव्वा बाईपास मार्ग से ग्राम जूठिया में श्री अबरार अली के मकान तक क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराने विषयक

140–श्री अली यूसूफ अली–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र चमरौव्वा, जनपद रामपुर में विकास खण्ड चमरौव्वा के ग्राम भमरौव्वा बाईपास मार्ग से ग्राम जूठिया में श्री अबरार अली के मकान तक का रास्ता क्षतिग्रस्त है जिससे नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

जी हां।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत मार्ग पर लगभग 20 वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा खण्डंजा लगाया गया था। मार्ग का निर्माण किये जाने हेतु जिला योजना समिति की वर्ष 2014–15 की वार्षिक कार्य योजना में प्रस्तावित है। जिला योजना समिति में पारित कार्यों को कराने हेतु जिला पंचायत को कोई धन प्राप्त नहीं होता है।

जनपद सिद्धार्थनगर में वर्ष 2009 से अक्टूबर, 2014 तक पिछड़ा क्षेत्रीय अनुदान निधि द्वारा निर्माणाधीन सचिवालय अथवा पंचायत भवनों के अपूर्ण निर्माणाधीन कार्य को पूरा कराया जाना

141–जय प्रताप सिंह–

क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर में वर्ष 2009 से अक्टूबर, 2014 तक पिछड़ा क्षेत्रीय अनुदान निधि (बी0आर0जी0एफ0) के द्वारा कितने मिनी सचिवालय अथवा पंचायत भवनों का निर्माण कार्य कराया गया एवं कितने भवन अपूर्ण हैं ? क्या सरकार अपूर्ण भवनों का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री कैलाश–

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बी0आर0जी0एफ0) योजनान्तर्गत वर्ष 2009–10 में कुल 56 ग्रामीण सचिवालय (मिनी सचिवालय/पंचायत भवन) स्वीकृत थे, जिसमें से भूमि उपलब्ध न होने के कारण 3 ग्रामीण सचिवालय का कार्य निरस्त कर दिया गया। शेष 53 का निर्माण समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें से कुल 50 कार्य पूर्ण हैं एवं 3 का कार्य प्रगति पर है।

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2010–11 में कार्यदायी संस्था–उ0प्र0 श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 द्वारा 51, क्षेत्र पंचायत–खेसरहा द्वारा 14, क्षेत्र पंचायत–बढ़नी द्वारा 2, क्षेत्र पंचायत–बांसी द्वारा 12, क्षेत्र पंचायत–उस्का द्वारा 2, क्षेत्र पंचायत–मिठवल द्वारा 9, क्षेत्र पंचायत–जोगिया द्वारा 1 एवं क्षेत्र पंचायत शेहरतगढ़ द्वारा 2 कुल 93 ग्रामीण सचिवालय (मिनी सचिवालय/पंचायत भवन) का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से कुल 68 कार्य पूर्ण हैं एवं कार्यदायी संस्था–उ0प्र0 श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 द्वारा निर्मित कराये जा रहे कुल 25 कार्य प्रगति पर है।

जी हां।

प्रश्न नहीं उठता।

142–श्री सतीश महाना–

ख्ले सोमवार के अता0प्र0सं0–188 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

सचिवालय कर्मियों की भांति राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने विषयक सरकार की योजना की जानकारी

143–श्री श्यामदेव राय चौधरी (दादा)–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सचिवालय कर्मियों की भांति राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को एस0जी0पी0जी0आई0 एवं अन्य विशिष्ट चिकित्सा संस्थानों में मुफ्त इलाज कराये जाने हेतु नवम्बर, 2014 में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में सरकार कोई नियम लागू करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

रिट याचिका संख्या–10759/2013 (एम/बी) शाम्भवी प्रकाश तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ पीठ लखनऊ द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 22–11–2013 एवं दिनांक 09–05–2014 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में असाध्य रोगों के निःशुल्क उपचार हेतु (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2014 दिनांक 12 अगस्त, 2014 को प्रख्यापित कर दी गयी है, जिसमें असाध्य रोगों (कैंसर, हृदय रोग, लीवर, किडनी) के निःशुल्क उपचार हेतु लाभार्थियों की श्रेणी में सेवारत सरकारी सेवकों को भी सम्मिलित कर लिया गया है। रिवाल्विंग फण्ड नियमावली विचाराधीन है। अन्तर्विभागीय परामर्श प्राप्त कर यथाशीघ्र नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

(घोर व्यवधान के मध्य)

ख11.32, उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2014[४]

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–06 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (द्वितीय) अध्यादेश, 2014४

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (द्वितीय) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–07 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2014४

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–08 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† Nkik ugha x;kA

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) अध्यादेश, 2014४

माध्यमिक शिक्षा मंत्री (श्री महबूब अली)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–09 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (संशोधन) अध्यादेश, 2014४

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–10 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय (भिन्न रूपेण योग्य हेतु) उत्तर प्रदेश (संशोधन) अध्यादेश, 2014४

पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा विकलांग कल्याण मंत्री (श्री अम्बिका चौधरी)–

मान्यवर, आपकी अनुमति से मैं डा0 शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय (भिन्न रूपेण योग्य हेतु) उत्तर प्रदेश (संशोधन) अध्यादेश, 2014 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या–11 सन् 2014) को सदन के पटल पर रखता हूं।

ख11.34, संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014४

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित संविधान (एक सौ इक्कीसवां संशोधन) विधेयक, 2014 द्वारा 'भारत का संविधान' में किये जाने के लिये प्रस्तावित संशोधन, जो अनुच्छेद–368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (ख) के अन्तर्गत आता है, के अनुसमर्थन के सम्बन्ध में राज्य सभा सचिवालय से प्राप्त पत्र को, उक्त विधेयक एवं संसद के तद्विषयक वाद–विवाद की प्रतियों सहित, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–182 के उप नियम (1) के अन्तर्गत, सदन के पटल पर रखा जाता है।

श्री अध्यक्ष–

माननीय सदस्यगण यह तो आपके संशोधन को ही सूचित किया जाता है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

ख11.35, उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन, मैं आपकी अनुमति से सूचित करता हूं कि :–

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद–197 के खण्ड (1) के उप खण्ड (ख) के साथ पठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–150 के उप नियम (1) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश

मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के दिनांक 01 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के विचारार्थ दिनांक 01 जुलाई, 2014 को पारेषित किया गया था तथा जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 02 जुलाई, 2014 की बैठक में सदन की मेज पर रखा गया था, के तीन मास से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त विधेयक अभी तक विधान सभा सचिवालय में वापस प्राप्त नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन, मैं आपकी अनुमति से सूचित करता हूं कि :–

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद–197 के खण्ड (1) के उप खण्ड (ख) के साथ पठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–150 के उप नियम (1) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के दिनांक 25 जून, 2014 के उपवेशन में पारित हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के विचारार्थ दिनांक 25 जून, 2014 को पारेषित किया गया था तथा जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 26 जून, 2014 की बैठक में सदन की मेज पर रखा गया था, के तीन मास से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त विधेयक अभी तक विधान सभा सचिवालय में वापस प्राप्त नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन, मैं आपकी अनुमति से सूचित किरता हूं कि :–

''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद–197 के खण्ड (1) के उप खण्ड (ख) के साथ पठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–150 के उप नियम (1) के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के दिनांक 25 जून, 2014 के उपवेशन में पारित हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के विचारार्थ दिनांक 25 जून, 2014 को पारेषित किया गया था तथा जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 26 जून, 2014 की बैठक में सदन की मेज पर रखा गया था, के तीन मास से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त विधेयक अभी तक विधान सभा सचिवालय में वापस प्राप्त नहीं हुआ है।

(भारती जनता पार्टी के सदस्यगण सदन के फ्लोर पर खड़े होकर नारे लगाते रहे जिससे घोर व्यवधान उत्पन्न हो गया)

ख्1.36, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 04 जुलाई, 2014 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 14 जुलाई, 2014 को वापस प्राप्त हो गया।

ख11.37, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 2014 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 02 जुलाई, 2014 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 14 जुलाई, 2014 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :–

(3) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 07 जुलाई, 2014 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 14 जुलाई, 2014 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक भू–गृहादि (अप्राधिकृत अध्यासियों की बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली, 1958 के नियम–149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि :–

(4) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक भू–गृहादि (अप्राधिकृत अध्यासियों की बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2014, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 07 जुलाई, 2014 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 14 जुलाई, 2014 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा संस्था प्राधिकरण विधेयक, 2011

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा संस्था प्राधिकरण विधेयक, 2011 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने दिनांक 21 फरवरी, 2011 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 22 फरवरी, 2011 की बैठक में पारित किया था, राष्ट्रपति महोदय ने अपनी अनुमति रोक ली है। (घोर व्यवधान के मध्य)

उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 जून, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 01 जुलाई, 2014 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 08 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का नौवां अधिनियम बन गया।

मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2007, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 09 मई, 2007 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 09 मई, 2007 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 11 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का दसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 07 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 14 जुलाई, 2014 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(घोर व्यवधान के मध्य)

(वेल में आये हुए भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लगातार सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे)

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 04 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 जुलाई, 2014 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का बारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 02 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 जुलाई, 2014 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का तेरहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 07 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 जुलाई, 2014 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का चौदहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक भू–गृहादि (अप्राधिकृत अध्यासियों की बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2014

प्रमुख सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, आपकी अनुमति से घोषित करता हूं कि :–

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक भू–गृहादि (अप्राधिकृत अध्यासियों की बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2014, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 07 जुलाई, 2014 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 14 जुलाई, 2014 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 18 जुलाई, 2014 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2014 का उत्तर प्रदेश का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष–

मद संख्या–14 तथा 15 में कुछ नहीं है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

ख 11.40 , कार्य–मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य–मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 13 नवम्बर, 2014 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 14 नवम्बर, 2014 से दिनांक 21 नवम्बर, 2014 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :–

1–दिनांक 14 नवम्बर, 2014 को प्रश्नकाल के उपरान्त नियम 51, 56, 300 एवं 301 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं,

2–असरकारी दिवस दिनांक 14 नवम्बर, 2014 के स्थान पर दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को (आधा दिन + आधा दिन दिनांक 14 नवम्बर, 2014 के स्थान पर) हो,

3–वित्तीय वर्ष 2014–2015 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसके पारण सम्बन्धी मदें दिनांक 18 नवम्बर, 2014 के स्थान पर दिनांक 19 नवम्बर, 2014 को ली जायं,

4–दिनांक 18 नवम्बर, 2014 को निधन के निर्देश सम्बन्धी सूचनायें ली जायं,

तद्नुसार दिनांक 14 नवम्बर, 2014 से दिनांक 21 नवम्बर, 2014 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :–

<u>नवम्बर,</u>

<u>2014</u>

14 शुक्रवार 1–औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो।

2–अन्य कार्य, यदि कोई हो।

15 शनिवार
16 रविवार } बैठक नहीं होगी।

17 सोमवार **1–12.20 बजे अपराह्न**

वित्तीय वर्ष 2014–2015 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण।

2–विधायी कार्य।

18 मंगलवार 1–निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनायें।

2–विधायी कार्य।

नवम्बर, 2014

19 बुधवार 1–वित्तीय वर्ष 2014–2015 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

2–विधायी कार्य।

20 गुरुवार विधायी कार्य।

21 शुक्रवार असरकारी दिवस (आधा दिन + आधा दिन दिनांक 14 नवम्बर, 2014 के स्थान पर)।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो मा0 संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (विशेष उपबन्ध) विधेयक, 2014[†]

श्री अध्यक्ष–

मद संख्या–17 में भी कुछ नहीं है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

लोक निर्माण, सिंचाई, सहकारिता, भूमि विकास एवं राजस्व मंत्री (श्री शिवपाल सिंह यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (विशेष उपबन्ध) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ?

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (विशेष उपबन्ध) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाये ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री शिवपाल सिंह यादव–

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था (विशेष उपबन्ध) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करता हूं।

[†] fnukad 3 fnlEcj] 2014 ds vlk/kkj.k xtV ds fo/kk;h ifjf'k"V esa Nik gSA

(घोर व्यवधान के मध्य)

ख्ा ण44 , **उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2014**[†]

माध्यमिक शिक्षा मंत्री (श्री महबूब अली)–

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ?

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाये ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री महबूब अली–

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2014 को पुरःस्थापित करता हूं।

श्री अध्यक्ष–

अब हम उठते हैं। सोमवार, दिनांक 17 नवम्बर, 2014 को पुनः मिलेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन घोर व्यवधान के मध्य ही 11 बजकर 45 मिनट पर सोमवार, दिनांक 17 नवम्बर, 2014 के अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 14 नवम्बर, 2014

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव, विधान सभा,

उत्तर प्रदेश।

[†] fnukad 3 fnlEcj] 2014 ds vlk/kkj.k xtV ds fo/kk;h ifjf'k"V esa Nik gSA

नत्थी (क)

देखिये अता0 प्र0 सं0–6 का उत्तर पीछे पृष्ठ 28 पर

कार्य योजना का विस्तृत विवरण

शासनादेश संख्या–370/86–2014–27/2014, दिनांक 31–01–2014 के अन्तर्गत भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के कार्यालय–ज्ञाप–संख्या–427/एम01 ए15/11, दिनांक 10–07–2014 द्वारा ग्रामीण अंचलों में किसानों के निजी प्रयोग हेतु 10 ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी के प्रयोग पर रायल्टी में छूट प्रदान किया गया है।

प्रदेश में उप खनिजों के अवैध खनन को रोके जाने एवं अवैध खननकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु शासनादेश संख्या–5390/77–5–2005–371/05, दिनांक 10–11–2005 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशों द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में छः सदस्यीय जिला स्तरीय कार्यबल का गठन किया गया है जो निम्नवत् है :–

(1) जिलाधिकारी	अध्यक्ष
(2) पुलिस अधीक्षक	सदस्य
(3) प्रभागीय वन अधिकारी	सदस्य
(4) उप जिलाधिकारी	सदस्य
(5) सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी	सदस्य
(6) खनन अधिकारी/सचिव	सदस्य

उक्त शासनादेशों के क्रम में विभिन्न जनपदों में गठित कार्यबल द्वारा वर्ष 2013–14 में 8612 प्रवर्तन कार्य किये गये जिससे रु0 39.78 करोड़ की राजस्व क्षतिपूर्ति वसूल का गयी। वर्ष 2014–15 में माह सितम्बर, 2014 तक कुल 5733 छापे मारे गये हैं जिससे राजस्व क्षतिपूर्ति के रूप में रु0 13.62 करोड़ की धनराशि वसूल की गयी है। उक्त के अतिरिक्त समय–समय पर अवैध खनन से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर जांच दल भेजकर जांच कराकर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाती है।

नत्थी (ख)

देखिये अता0 प्र0 सं0–137 का उत्तर पीछे पृष्ठ 79 पर

ओवरलोड ट्रकों के विरुद्ध की गयी प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण

वित्तीय वर्ष	माह का नाम	चालान/बन्द वाहनों की संख्या	प्राप्त प्रश्मन शुल्क (रु0 में)	ओवरलोड (किग्रा0)
2012–13	अप्रैल	0	0	0
	मई	13	362840	410600
	जून	1	25560	28100
	जुलाई	13	352370	421650
	अगस्त	2	42505	52800
	सितम्बर	3	84280	95100
	अक्टूबर	4	121075	141800
	नवम्बर	3	86985	96300
	दिसम्बर	5	175615	233100
	जनवरी	0	0	0
	फरवरी	0	0	0
	मार्च	2	55050	69300
योग		**46**	**1306280**	**1548750**
2013–14	अप्रैल	12	351660	388700
	मई	3	79890	90700
	जून	3	90210	103600
	जुलाई	12	332679	397800
	अगस्त	7	172185	200800
	सितम्बर	9	254970	214550
	अक्टूबर	2	48340	84550
	नवम्बर	0	0	0
	दिसम्बर	1	26580	0
	जनवरी	3	74860	84850
	फरवरी	10	287215	320000
	मार्च	0	0	0

वित्तीय वर्ष	माह का नाम	चालान/बन्द वाहनों की संख्या	प्राप्त प्रश्मन शुल्क (रु0 में)	ओवरलोड (किग्रा0)
योग		**62**	**1718589**	**1885550**
2014—15	अप्रैल	0	0	0
	मई	1	25500	28200
	जून	2	49840	54600
	जुलाई	2	61250	68600
	अगस्त	3	80690	91900
	सितम्बर	1	35660	38350
	अक्टूबर	0	0	0
योग		**9**	**252940**	**281650**
महायोग		**117**	**3277809**	**3715950**

पी0एस0यू0पी0–एल0 282 विधान सभा (524)–16–02–2015–813 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।